आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीय विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 6, अंक 216, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

## 41 साल बाद अंतरिक्ष में फिर लहराया तिरंगा

### लखनऊ के शुभांशु ने रचा इतिहास

# अंतरिक्ष की शुभ यात्रा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।




स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री। ● एजेंसी

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले
## व्हाट ए राइड

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि व्हाट ए राइड ! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-11

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया



जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो 25 जून 1975 को आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

## लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार



लोकतंत्र सेनानी का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

● मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

## हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से मची तबाही



कुल्लू में बादल फटने के बाद आबादी क्षेत्र में घुसा बाढ़ का पानी। ● एजेंसी

शिमला/धर्मशाला, एजेंसी

● अचानक आई बाढ़ से दो की मौत 20 लापता, दो हजार पर्यटक फंसे

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोगों के बहने और करीब दो हजार पर्यटकों के फंसे होने की आशंका है।

कांगड़ा जिले में मनुनी खड्ड से दो शव बरामद किए गए, जबकि इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल के पास एक श्रमिक कॉलोनी में रह रहे लगभग 15-20 श्रमिकों के खनियारा मनुनी खड्ड में जल स्तर बढ़ने से बह जाने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, बारिश के कारण परियोजना का काम रोक दिया गया था और श्रमिक निर्माण स्थल के पास अस्थायी आश्रयों में आराम कर रहे थे, तभी मनुनी खड्ड और आसपास के नालों से बाढ़ का पानी श्रमिक कॉलोनी की ओर आ गया और श्रमिकों को बहा ले गया। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग की टीम खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मौके पर पहुंच गई हैं। वहीं, कुल्लू जिले में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के बाद तीन लोग लापता हैं। बाढ़ से कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं।

## सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से वर्ष में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

● फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक
● दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनुशंसा की गई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में होगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा। शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा।

# शोभायात्रा के लिए नहीं हटेंगी झुग्गियां और गरीबों के आश्रय

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश-मोहर्रम का जुलूस हो या कांवड़ यात्रा, सुरक्षा और समरसता के साथ हों सम्पन्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● पर्व-त्योहारों पर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अफसरों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि मोहर्रम का जुलूस हो या कांवड़ यात्रा समेत अन्य त्योहार, सभी आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और समरसता के साथ सम्पन्न हों, इसके लिए प्रशासनिक मशीनरी को संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ कार्य करना होगा। कहा कि किसी शोभायात्रा के लिए पेड़ काटना, झुग्गियां हटाना या गरीबों का आश्रय उजाड़ना कदापि स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार देर शाम को अपने सरकारी आवास पर आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर मजबूत कानून-व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रदेश के पुलिस आयुक्तों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ बात की।

बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 जुलाई से 9 अगस्त तक श्रावण मास रहेगा, इस दौरान पारंपरिक कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे। इसी अवधि में 27 जून से 8 जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से 06/07 जुलाई तक मोहर्रम के आयोजन संभावित हैं। यह पूरा समयकाल कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। अतः सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्व प्रदेश में जातीय विद्वेष फैलाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि इन साजिशों का तत्काल पर्दाफाश करें, दोषियों की पहचान सार्वजनिक करें और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करें। जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ जिलों में निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे जिलों को तत्काल अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना होगा।

### कांवड़ यात्रा के आयोजन के लिए विशेष निर्देश

कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जिलों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें। यात्रा मार्ग पर डीजे, ढोल-ताशा और संगीत की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। ताजिया, रथ या कांवड़ यात्रा में प्रयुक्त डीजे की ऊंचाई भी नियत सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, जिनमें वेष बदलकर अराजक तत्वों के शामिल होने की आशंका बनी रहती है, ध्यान रखें। यह भी निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की बिक्री न हो।

### धार्मिक यात्रा में अस्त्र-शस्त्र का न हो प्रदर्शन

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक यात्राओं में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन और धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक उपयोग सौहार्द को खंडित करने वाले तत्व हैं, जिन पर पूरी सख्ती से रोक लगनी चाहिए। शोभायात्राओं, जुलूसों के मार्ग पर प्रतिबंधित पशुओं का प्रवेश रोका जाए। सोशल मीडिया की सघन निगरानी हो और जरूरत पर ड्रोन से निगरानी सुनिश्चित की जाए। फेक न्यूज़ और अफवाहों पर नियंत्रण के लिए त्वरित खंडन और सही सूचना का प्रसारण जरूरी है। मोहर्रम के आयोजनों के लिए भी मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीते वर्षों में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए इस वर्ष सभी पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पीस कमेटी एवं आयोजन समितियों से संवाद कर कार्यक्रमों को परंपरागत मार्गों पर शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए।

### आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- नगर निगम के सभागार में कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर बैठक सुबह 11 बजे।
- स्वामी जगन्नाथ मंदिर से एक भव्य रथ यात्रा को लेकर बाग बृगटान सिकलापुर स्थित स्वामी जगन्नाथ मंदिर में प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 2 :30 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे।

## हल्की बारिश में ही कई इलाकों में जलभराव










बारिश के कारण बुधवार को कई जगहों पर जलभराव हो गया और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि नालियों और सीवर लाइनों की तली झाड़ सफाई न होने के कारण जलभराव हुआ है। सुबह हुई तेज बारिश में मुंशी नगर, सुभाषनगर, हजियापुर, बिहारीपुर, सौदागरान, दरगाह आला हजरत मोड़, मलूकपुर बजरिया, जसौली, संजयनगर, डेलापीर चौराहे, राजेंद्रनगर मार्केट, वनखंडीनाथ आदि के निचले इलाकों में पानी भर गया। सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### एक नजर

#### नकटिया नदी के किनारे शाहजहांपुर रोड पर किनारे डाला जा रहा कूड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड पर नकटिया नदी के किनारे खुलेआम कूड़ा डाला जा रहा है। नकटिया की तरफ काफी दूर तक कूड़ा डाला गया है। इसके बाद नदी पार कर कैंट क्षेत्र शुरू होते ही एक जगह पर डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। यहां पर कूड़े के साथ मरे जानवर भी डाल दिए जा रहे हैं। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस रास्ते से अक्सर अधिकारी भी निकलते हैं लेकिन किसी का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है, जबकि अधिकारी नदी का पुर्नोद्वार करने की तैयारी कर रहे हैं।

#### सड़क बनने के बाद भी जलभराव की समस्या

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया की चेतना कॉलोनी में एक गली की आरसीसी सड़क बनने के बाद भी जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। तेज बारिश में मोहनपुर रोड से लेकर कई गलियों का पानी इसी गली से होकर नकटिया नदी में जाता है। सड़क बनने के बाद भी नालियों से पानी का बहाव सही से नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से पानी गली से बहता है और लोगों को निकलने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं एक छोर पर काम अधूरा ही छोड़ने की वजह से वहां पर गहरा गड्ढा हो गया है और बाइक निकालने में काफी दिक्कत हो रही है। यहां पर कभी भी गिरकर कोई चोटिल हो सकता है लेकिन इस ओर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# गोतस्कर के तीन मंजिला मकान पर चला बुलडोजर

## बिना नक्शा पास कराए सूफी टोला में बनाया था मकान और होटल, बीडीए ने चार बार नोटिस भेजने के बाद की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर एवं गोतस्कर जुबैर उर्फ पाया के बिना नक्शा पास कर बनाए गए मकान और होटल पर बीडीए ने बुधवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। बीडीए ने चार बार नोटिस देने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान कई थानों की पुलिस, पीएसी और प्रवर्तन दल के कर्मचारी मौजूद रहे।

गो तस्कर जुबैर उर्फ पाया ने शहामतगंज बाजार से कुछ दूरी पर सूफीटोला में बीडीए से बिना नक्शा पास कराए तीन मंजिला मकान बनवा रखा था। बीडीए ने जुबैर को नोटिस जारी कर बताया था कि 50 वर्गमीटर में भवन का निर्माण कर कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा है। बीडीए ने पक्ष प्रस्तुत करने का मौका दिया लेकिन भवनस्वामी ने कोई जवाब नहीं दिया।

17 मई को संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। बुधवार को बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार, एक्सईएन योगेंद्र कुमार, एई अनिल कुमार, रमन अग्रवाल और सीओ प्रथम पंकज कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद मकान का निरीक्षण कर बिजली कनेक्शन काट कर अवैध रूप से बने भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। बीडीए की कार्रवाई शुरू होते ही आसपास के काफी संख्या में लोग जुट गए। संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि जुबैर ने नक्शा पास कराए बिना मकान का निर्माण कराया था। इसको लेकर चार बार नोटिस भी जारी किए गए। इसके बाद भी हिस्ट्रीशीटर ने वैध दस्तावेज प्राधिकरण को उपलब्ध नहीं कराया। भवन का कामर्शियल उपयोग किया जा रहा था।



सूफी टोला में गोतस्कर जुबैर के तीन मंजिला भवन को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर। ● अमृत विचार



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस और बीडीए के अफसर।

> बिना नक्शा पास कराए बना गए तीन मंजिला भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भवन का कामर्शियल उपयोग भी किया जा रहा था।
>
> **-डॉ. मनिकंडन ए,** उपाध्यक्ष बीडीए

> जुबेर पाया पर 13 मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। इसकी संपत्तियों की जांच भी कराई गई। उसका अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया है।
>
> **-मानुष पारीक,** एसपी सिटी

## गैंगस्टर एक्ट में पाया की संपत्ति जल्द की जाएगी जब्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गोतस्कर जुबेर उर्फ पाया की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की जाएगी। जुबेर को बारादरी पुलिस ने हाल में ही तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह दो दिन पहले जमानत पर बाहर आया था। पुलिस से बचने के लिए वह मुंबई चला गया। उसके मोबाइल फोन की अंतिम लोकेशन मुंबई में मिली है।



जुबैर उर्फ पाया।

जुबेर उर्फ पाया जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल है। उस पर गौवध, जानलेवा हमला, गैंगस्टर एक्ट, अवैध असलहे रखने, लूट की योजना बनाने, रंगदारी और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर धाराओं में 13 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जुबेर हाल ही में जेल से जमानत पर छूटने के बाद मुंबई चला गया था। वापस लौटने के बाद वह दोबारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया। 6 जून को मुखबिर की सूचना पर उसे विकास भवन के पीछे से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वह दो दिन पहले जमानत पर दोबारा से आया।

### गैंगस्टर सहित 13 मुकदमों में नामजद है जुबैर

गोतस्कर जुबैर के खिलाफ बारादरी और इज्जतनगर थाने में 13 मुकदमे दर्ज हैं। इसके खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी। सबसे पहले 2016 में बारादरी थाने में गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद 2019 में मारपीट, बलवा आदि, 2021 में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज हुआ था। 2020 में पुलिस ने शिकंजा कसते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इसी वर्ष उसके खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने उसे अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया था।

### खंगाला जा रहा संपत्तियों का ब्योरा

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जुबेर पाया ने गोकशी का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया है। इसके जरिए कई जगहों पर करोड़ों की संपत्ति बना रखी थी। पुलिस को आशंका है कि तीन मंजिला भवन के अलावा अन्य जगहों पर भवन हो सकते हैं। उसकी अन्य संपत्तियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में संपत्तियों की सूची कार्रवाई की मंजूरी के लिए अधिकारियों को भेजी जा सके।

## पूरे सप्ताह बारिश का येलो अलर्ट, उमस ने किया परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** मौसम विभाग ने जिले में पूरे सप्ताह भर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को हल्की बारिश के बाद तेज धूप खिलने से उमस हो गई और लोग परेशान हो गए।

जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 32.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय 70 प्रतिशत और शाम को 80 प्रतिशत आर्द्रता रही।

- **अधिकतम तापमान 32.3 और न्यूनतम दर्ज हुआ 28.7 डिग्री सेल्सियस**

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय है और पूर्वी उत्तर प्रदेश में नमी भरी हवाएं लगातार आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो बुधवार से लेकर रविवार तक हर दिन मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक यूज करने पर 12 हजार रुपये का जुर्माना




प्लॉस्टिक जब्त करने के बाद जागरूक करती टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन टीम ने संयुक्त रूप से बुधवार को घंटाघर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित अभियान चलाया। इसमें 11 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई। जिन दुकानों से प्लास्टिक बरामद हुई, उन पर टीम ने जुर्माने की कार्रवाई की।

प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के दौरान घंटाघर क्षेत्र कई दुकानों पर टीम ने देखा कि बेरोकटोक प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। टीम ने कई दुकानों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते हुए 12,500 रुपये का जुर्माना लगाया। सफाई निरीक्षक पूर्णिमा सक्सेना ने बताया कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन टीम के जोनल इंचार्ज अंकिता पांडेय, सुपरवाइजर ललित मोहन, सफाई नायक केके पटेल, दिनेश, राजीव, इम्तियाज सहित अन्य सफाई मित्र मौजूद रहे।

- **घंटाघर के पास कई दुकानों से प्लास्टिक की थैली बरामद**

## गुल बशर सपा के प्रत्याशी, भाजपा ने नहीं खोले पत्ते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम की कार्यकारिणी के छह सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव के लिए सपा ने बुधवार शाम वार्ड-73 विधौलिया से पार्षद गुल बशर अंसारी को प्रत्याशी घोषित कर दिया, लेकिन बोर्ड में बहुमत से अधिक पार्षदों वाली पार्टी भाजपा ने अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। माना जा रहा है कि पार्टी बैठक से कुछ देर पहले ही अपने पत्ते खोलेगी। कुछ पार्षद कार्यकारिणी में स्थान पाने के लिए अपने नाम की पैरवी संगठन में करा रहे हैं। प्रबल संभावना है कि निर्विरोध निर्वाचन होना तय है।

सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने बताया कि पार्षद दल की बैठक बुलाकर अपने सभी पार्षदों से रायशुमारी की। पार्टी ने कार्यकारिणी चुनाव लड़ने के पार्षदों से आवेदन मांगे थे। इसमें आरिफ कुरैशी, अब्दुल कयूम मुन्ना, शमीम अहमद, शाकिर, इकबाल बिल्डर, रईस मियां अब्बासी और गुल बशर अंसारी ने चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। सभी पार्षदों से जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष ने बंद कमरे में एक-एक कर वार्ता कर और प्रत्याशी चयन को लेकर एक नाम पर चर्चा की। इसमें गुल बशर अंसारी पर सभी ने सहमति जताई है। कार्यकारिणी के चुनाव पर नजर डाली जाए तो उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, कार्यकारिणी के पार्षद गरिमा कमांडो, नीरज, सागर मौर्य, सलीम पटवारी, सौरभ कुमार का दो साल का कार्यकाल पूरा हो गया। इनकी जगह पर नई कार्यकारिणी का चुनाव होगा। 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में भाजपा की संख्या 10 और सपा की सिर्फ दो है। इसमें सपा पार्षद सलीम पटवारी इस बार रिटायर हो गए हैं। इनकी जगह पर सपा से एक को जगह मिलनी है, जबकि कार्यकारिणी में भाजपा के बहुमत से अधिक पार्षद होने के कारण उपसभापति भाजपा का ही होना तय है और पांच कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। भाजपा के सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो जिन पार्षदों को कार्यकारिणी में भेजा जाना है,उनके नामों की सूची तैयार हो चुकी है। नामों की घोषणा निगम के सभागार में 11 बजे होने वाली बैठक के करीब एक घंटा पहले घोषित की जाएगी।

### निगम कार्यकारिणी की बैठक शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित

**बरेली, अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में नगर निगम की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए बुधवार को सभी पार्षदों की विशेष बैठक निगम के सभागार में बुलाई गई थी, लेकिन भाजपा के दो पार्षदों के निधन के कारण शोक प्रस्ताव के बाद बैठक स्थगित कर दी गई। अब यह बैठक गुरुवार को होगी। सभी 78 पार्षदों की मौजूदगी में सबसे पहले राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से बैठक की शुरुआत की। इसके बाद अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने शोक प्रस्ताव पढ़कर बताया कि छोटी बिहार की पार्षद संजू देवी और जनकपुरी वार्ड से भाजपा पार्षद आरेंद्र अरोड़ा के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। सभी ने दो मिनट का मौन रख कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मेयर ने विशेष बैठक को स्थगित करने की घोषणा की। इस दौरान एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, पार्षद सतीश कातिब मम्मा, मुकेश सिंघल, छंगालाल मौर्य, सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना, राजेश अग्रवाल, अब्दुलकय्यूम, मुन्ना सहित अन्य मौजूद रहे। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि विशेष बैठक शोक प्रस्ताव आने के कारण स्थगित कर दी गई है। गुरुवार को सुबह 11 बजे फिर से बैठक होगी। इसमें कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव होगा। क्योंकि 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में छह सदस्यों का कार्यकाल दो साल पूरा हो चुका है।



बैठक में मौजूद एमएलसी और मेयर। ● अमृत विचार

## बरेली डिपो की बस में बिना टिकट सात यात्री पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **चेकिंग दल से बोला परिचालक आरएम का भतीजा हूं**
- **अधिकारियों ने परिचालक को काम से हटाया**

**अमृत विचार :** बरेली डिपो की देहरादून से वापस बरेली आ रही बस में रोडवेज के चेकिंग दल ने सात यात्री बिना टिकट पाए। इस पर परिचालक ने दल को धमकी देते हुए कहा कि वह आरएम का भतीजा है। मामला संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने संविदा परिचालक को काम से हटा दिया है। आगे की रिपोर्ट आने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बरेली डिपो की बस संख्या यूपी 78 केएन 8748 देहरादून से बरेली के लिए चलती है। बुधवार को बस देहरादून से बरेली वापस आ रही थी। मुरादाबाद में बस को रोककर चेकिंग दल ने बस को चेक किया। चेकिंग के दौरान सात यात्री बिना टिकट के बस में बैठे पाए गए। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने टिकट के पैसे दिए थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। जिसके बाद बस के परिचालक शिवम कुमार से जानकारी की तो वह टीम को धमकाकर बोला कि वह बरेली आरएम का भतीजा है। चेकिंग दल ने अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी।

बरेली डिपो के एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आउटसोर्स के परिचालक को रूट से हटा दिया गया है। आगे की रिपोर्ट मिलने के बाद संविदा परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी बरेली रीजन की बसों में बिना टिकट के यात्रा कराने के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से परिचालकों के हौंसले बुलंद हैं।

## बारिश में सनसिटी, महानगर सहित कई इलाकों की बत्ती गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने किया परेशान**

**अमृत विचार:** शहर में बुधवार सुबह हुई हल्की बारिश में ही बिजली का फ्यूज उड़ गया। कई इलाकों में बिजली संकट हो गया। सनसिटी और महानगर में 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन में होने से चार घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे हल्की बारिश होने के बाद शहर के सनसिटी और महानगर की 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में आ गई। बारिश की वजह से बिजली कर्मचारी पेट्रोलिंग नहीं कर सके। जब बारिश हल्की हुई तो फाल्ट को तलाश कर दोपहर डेढ़ बजे बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। ऐसे में करीब 4 घंटे तक बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं सिविल लाइंस के कटरा चांद खां में ट्रांसफार्मर का डियू उड़ जाने से आपूर्ति प्रभावित हुई। इज्जतनगर सबस्टेशन के गोपाल नगर फीडर पर पेड़ों की टहनियों की छंटाई के लिए बिजली को बंद रखा गया। शाहदाना सबस्टेशन के शहामतगंज में तार टूटकर गिरने से करंट आने से लोग दहशत में आ गए। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर फाल्ट को ठीक किया। मढ़ीनाथ, कुतुबखाना और सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी कटौती से उपभोक्ता परेशान हुए। सीबीगंज सबस्टेशन के छोटी विहार में बुधवार सुबह 11 बजे ट्रांसफार्मर का डियू उड़ने से आपूर्ति गुल रही। सुभाषनगर के नेकपुर में बंच केबल में आग लगने के बाद वह टूटकर गिर गई। जिससे दोपहर में एक घंटे तक बिजली गुल रही। हरुनगला के रामगंगानगर सेक्टर, बीसलपुर रोड, जगतपुर, मिशन सबस्टेशन, डेलापीर और राजेंद्रनगर में भी बारिश में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

### कलेक्ट्रेट गेट के पास हाईटेंशन लाइन का पोल गिरा, बड़ा हादसा टला

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट गेट के पास बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब हाइटेंशन लाइन का पोल अचानक नीचे झुक गया और बिजली की लाइन के ऊपर गिर गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी व्यक्ति को करंट नहीं लगा और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत आपूर्ति को बंद कराया। इसके बाद गिरे हुए पोल को हटाने का कार्य शुरू किया गया। उसके बाद काम कराकर दोपहर में बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया।




### काम कर रहा कर्मचारी पोल से गिरकर घायल

डीएम कार्यालय के पास जर्जर बिजली का पोल लाइन पर गिर गया था। उस पोल को ठीक करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उसके बाद एक कर्मचारी 20 फुट ऊंचे पोल से नीचे गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि उसके बाद बिजली विभाग के अधिकारी और काम करने वाला ठेकेदार मौके से भाग गए। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रामायण वाटिका में नहीं बनाई सड़क



मुंशीनगर की रामायण वाटिका कॉलोनी में सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मुंशीनगर की रामायण वाटिका कॉलोनी में कुछ महीने पहले नगर निगम ने कई सड़कें बनाईं लेकिन मुख्य सड़क छोड़ दी। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से सड़क बनवाने की मांग की लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। इससे कालोनी के अंदर सड़क पर भीषण जलभराव है। यह सड़क कॉलोनी की सबसे खराब है। घरों से निकलते ही लोगों को जलभराव से निकलना पड़ रहा है।





# आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने से रोकने पर तनाव, धरना-प्रदर्शन

## गांव से फरीदपुर के लिए पैदल, ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइकों से हाथों में लाठी-डंडे लेकर जुलूस की शक्ल में बड़ी संख्या में लोग निकले

संवाददाता, फरीदपुर


फरीदपुर तहसील में प्रदर्शन करने के लिए जाते ग्रामीण। • अमृत विचार


गांव में धरने पर बैठे लोगों को समझाते अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र के रुरिया गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी पर बुधवार को दिनभर तनाव की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों के साथ भीम आर्मी के कार्यकर्ता सुबह से शाम तक प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर अड़े रहे लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने से रोका तो नाराज भीम आर्मी के पदाधिकारी गांव में ही धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। शासन से प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति लेने के लिए ग्रामीणों की ओर से प्रार्थनापत्र भेजे जाने पर सहमति बनने पर लोग शांत हुए।

प्रतिमा स्थापित करने से रोकने से नाराज भीम आर्मी के कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ रुरिया गांव से फरीदपुर के लिए पैदल, ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइकों से हाथों में लाठी-डंडे लेकर जुलूस की शक्ल में निकले और तहसील पहुंचकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया। प्रशासन ने उन्हें बुखारा मार्ग के पास खनपुरा मोड़ पर रोककर समझाया।

ग्रामीणों ने बुधवार को बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने का ऐलान किया था। इसको लेकर दोपहर बाद ग्रामीण तहसील परिसर में प्रदर्शन करने के लिए गांव से निकल पड़े, लेकिन प्रशासन ने बीच रास्ते से उन्हें लौटा दिया। इससे लोग में गांव में धरने पर बैठ गए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी पहुंच गए। एसडीएम मल्लिका नैन के लखनऊ में होने की वजह से तहसीलदार सुरभि राव, सीओ संदीप सिंह ने भीम आर्मी के पदाधिकारियों से बात कर समझाया। एसडीएम ने भीम आर्मी के पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता की और उन्हें आश्वस्त किया कि लौटने पर गांव के जिम्मेदार लोगों को बुलाकर बात करेंगे। जिस पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल वाल्मीकि ने लोगों से कहा कि वह अभी सबके साथ चलकर डीएम से सबको मिलाएंगे, लेकिन एसडीएम से फोन पर बात करने पर अजय प्रधान एडवोकेट से ग्रामीणों ने मांग रखी के यहां तक आए हैं तो लोगों को जिला स्तर के किसी अधिकारी से मिलवाएं और निश्चित समय देकर आश्वासन दिया जाए, अन्यथा लोग डीएम से मिलने जाएंगे। हालांकि, तहसीलदार फरीदपुर ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता असलम मंसूरी, हर्ष मसीह, रघुवीर सिंह ने तय किया कि यदि अधिकारी नहीं मिलने आ रहे हैं तो आज ही गांव में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। फिर सभी लोग गांव वापस आ गए और प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश करने लगे, लेकिन पहले से मुस्तैद प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। इससे नाराज ग्रामीणों संग भीम आर्मी के पदाधिकारी पार्क में धरने पर बैठ गए। दरअसल प्रशासन की बिना अनुमति के बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर 16 जून से फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव रुरिया में पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच टकराव बना हुआ है। प्रशासन ने प्रतिमा बिना अनुमति के स्थापित होने से साफ इन्कार कर दिया।

- ग्रामीणों के साथ भीम आर्मी के पदाधिकारी धरने पर बैठे

> ग्रामीणों की पत्रावली परमिशन के लिए शासन को भेजी जाएगी और उनकी परमिशन करने की बात पर ही सहमति बनी है। ग्रामीणों ने भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ 12 से 5 बजे तक अपना प्रदर्शन किया और आश्वासन पर सहमत हो गए हैं।
> –**संदीप कुमार सिंह**, सीओ फरीदपुर

## एक नजर

### दोनों आरआई ने लिया चार्ज एक माह फिटनेस तो एक माह देखेंगे लाइसेंस के काम

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग के दोनों आरआई ने चार्ज संभाल लिया है। अब एक आरआई एक माह वाहनों की फिटनेस तो एक माह ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम देखेंगे। अब तक एक ही आरआई फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस का काम देख रहे थे। परिवहन विभाग में नियमानुसार दो आरआई की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन जिले में लंबे समय तक एक ही आरआई एमपी सिंह पर चार्ज था। मुख्यालय की तरफ लखनऊ में तैनात राघव कुमार कुशवाह को भी जिले में आरआई के पद पर भेजा गया लेकिन लखनऊ बस हादसे में उनकी लापरवाही सामने आने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद फिर से एमपी सिंह पर अतिरिक्त कार्यभार हो गया था। अब मुख्यालय की तरफ से हारुन सैफी और अजय कुमार गुप्ता को जिले में आरआई के पद पर भेजा गया है। दोनों ने चार्ज संभाल लिया है।

### घर में घुसकर दंपती को लाठी-डंडे से पीटा, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** घर में घुसकर एक महिला और उसके पति की गांव के ही कुछ दबंगों ने जमकर पिटाई की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलियापुर निवासी मोहम्मद समीर के मुताबिक मंगलवार शाम गांव के जहांगीर उर्फ जकी, राजा, चांद और महबूब पहलवान लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे पकड़कर जमीन पर घसीटकर पिटाई करते हुए ले जाने लगे। पिता पप्पू ने जब बचाने की कोशिश की तो उनकी भी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मोहम्मद समीर की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# निजी अस्पताल में नवजात बदलने का आरोप, हंगामा

- प्रेमनगर स्थित एक नर्सिंग होम में हुआ था प्रसव, आरोप पहले बेटे और फिर बेटी के जन्म की दी सूचना

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित एक नर्सिंग एंड मेटरनिटी होम में नवजात की अदला-बदली का परिजनों ने आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद पहले बेटे के जन्म की सूचना दी लेकिन कुछ देर बाद बेटी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत किया।

प्रेमनगर स्थित नर्सिंग होम में सुभाषनगर निवासी आकाश बाबू रत्नाकर की पत्नी काजल को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे काजल का प्रसव हुआ। स्टाफ ने परिजनों को बेटे का जन्म होने की बात कही, लेकिन चंद घंटों बाद ही एक अन्य स्टाफ ने बेटी होने की बात कही तो परिजन आग बबूला हो उठे और अस्पताल प्रबंधन पर बच्चा बदलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि बेटे के जन्म की सूचना मिलने के बावजूद उन्हें बच्चा दिखाया नहीं गया। करीब घंटे तक परिवार को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। अस्पताल में नवजात बदलने की साजिश की गई है और उनके बेटे को किसी और को दे दिया गया है। परिजनों ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की बात कही है। इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर को फोन पर उनका पक्ष जानने के लिए कॉल की गई तो उन्होंने कॉल कट कर दी। थाना प्रभारी प्रेमनगर आशुतोष कुमार रघुवंशी ने बताया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो पता चला कि अस्पताल में सिर्फ एक ही प्रसव हुआ है। जबकि परिजन बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने की बात कह रहे हैं।

# नेकपुर और सुभाषनगर में 17 जगह पकड़ी बिजली चोरी

**बरेली, अमृत विचारः** बिजली विभाग की टीमों ने बुधवार को नेकपुर और सुभाषनगर क्षेत्र में मॉर्निंग रेड की, जिसमें 17 मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई।

एचआर टीम के एसडीओ रविन्द्र कुमार, होरी लाल सरोज, जेई अवध नारायण के साथ विजिलेंस टीम के जेई अनिल कुमार गुप्ता ने बुधवार सुबह नेकपुर गौटिया, सुभाषनगर, कालीबाड़ी, शाहदाना क्षेत्र में मॉर्निंग रेड की। अभियान के दौरान 105 बिजली कनेक्शन चेक किए गए, जिसमें 17 घरों में बिजली चोरी होते हुए मिली। टीम ने चोरी करने वालों के मकान की वीडियोग्राफी करने के बाद उनके खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए लगातार मॉर्निंग रेड करके कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं की निजता भंग करने वाला हैदरी दल का एक और सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गांधी उद्यान के पास से फैला रहा था अफवाह, पुलिस ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की निजता भंग करने, गलत टिप्पणी करने और समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले हैदरी दल के एक और सदस्य फरीदपुर निवासी रियाजुद्दीन को कोतवाली पुलिस ने गांधी उद्यान के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा था। उसके मोबाइल में हैदरी दल नाम से व्हाट्सएप ग्रुप मिला था। जिसका वह एडमिन था।


गिरफ्तार आरोपी रियाजुद्दीन।

कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर 7 जून को रिपोर्ट दर्ज की थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कुछ युवक हैदरी दल नाम से ग्रुप बनाकर दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने की कोशिश कर रहे थे। समुदाय विशेष की महिलाओं और लड़कियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस अब तक ईंट पजाया निवासी समीर रजा, थाना भुता के गांव मलपुर निवासी शहवाज रजा उर्फ सूफियान, असलम कॉलोनी बैरियर टू चौकी निवासी जैश रिजवी और बहेड़ी थाने के मोहल्ला लोधीपुर निवासी शानू को जेल भेज चुकी है। चार आरोपियों को जेल भेजने के बाद भी हैदरी दल की गतिविधियां थम नहीं रही थीं। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांधी उद्यान में एक युवक धर्म विशेष की महिलाओं और लड़कियों को दूसरे धर्म के प्रति भड़का रहा है। इसके बाद पुलिस ने फरीदपुर निवासी रियाजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वह इंस्टाग्राम पर भी हैदरी दल नाम से आईडी चला रहा था। इसके अलावा मोबाइल में आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। आरोपी ईंट पजाया चौराहा गरीब शाह की मस्जिद पर इमामत का काम करता है।

# सड़क के बीच मिट्टी गिराकर छोड़ी

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में बुखारा के पास खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली खराब हो गई। इसके बाद ट्राली से मिट्टी सड़क किराने पलट दी गई, जिसे चार दिन बा भी नहीं हटाया गया है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।

बभिया से खनन करके ला रहे एक ट्राली का बुखारा के पास पहिया निकल गया। उसने सड़क पर ट्रॉली से मिट्टी गिरा दी और ट्रैक्टर ट्रॉली किसी तरह ले गया। चार दिन से मिट्टी सड़क पर ही पड़ी है। जिससे यातायात में राहगीरों और वाहनों को परेशानी हो रही है। कई बाइक सवार मिट्टी से टकरा कर गिर गए। और चोटिल हो गए। बारिश में मिट्टी से सड़क पर फिसलन होती है। धूप निकलने पर मिट्टी से धूल उड़ते हैं। नायब तहसीलदार विदित कुमार ने बताया खनन होने की जानकारी नहीं है। गुरुवार को जांच कराई जाएगी। अवैध खनन होता पाए जाने पर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# एमआर के साथ तीन बदमाशों ने की लूट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में वारदात बंधक बनाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में काम से घर लौट रहे एमआर के साथ तीन बदमाशों ने लूटपाट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटना स्थल समेत उस रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

भुता थाना क्षेत्र के खजुरिया संपत निवासी अमित कुमार राठौर ने बताया कि वह एमआर है। मंगलवार शाम को काम से अपने घर वापस जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह बेनीपुर पुलिया के पास पहुंचे। वहां पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद तमंचे के बल पर उन्हें कपड़ों से बांध के डाल दिया। उनके पास से उनकी मोटरसाइकिल, दो फोन, चार हजार रुपये, पर्स, घड़ी और दवाओं के बिल लूट लिए और रिपोर्ट लिखवाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बेनीपुर पुलिया से नहर रोड पर पहले भी लूट की घटनाएं हुई हैं। बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


एमआर अमित कुमार राठौर।

# उपभोक्ता को खराब स्कूटर बेचना पड़ा महंगा, जुर्माने के साथ करना होगा ठीक

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी एवं सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने उपभोक्ता के स्कूटर के पार्ट्स 15 दिन में बदलकर ठीक करने का आदेश टीवीएस मोटर कम्पनी को दिया है। इसके अलावा मानसिक, शारीरिक क्षतिपूर्ति 10 हजार रुपये निर्णय की तिथि से अदायगी तक मय 6 प्रतिशत ब्याज और 10 हजार रुपये अतिरिक्त खर्चा मुकदमा भी कम्पनी ग्राहक को अदा करेगी।

सीबीगंज मिनी बाईपास स्थित राजा कालोनी निवासी फरहान रजा ने 16 फरवरी 2023 को आयोग में अर्जी देकर बताया था कि 18 मई 2022 को टीवीएस कम्पनी का स्कूटर एक लाख नौ हजार रुपये कीमत का खरीदा था। किसी भी प्रकार की खराबी आने पर निशुल्क सुधारा जाना निर्धारित था। प्रथम सर्विसिंग 4 जुलाई 2022 को कराते के समय इंजन से आ रही तेज आवाज के बारे में टेक्नीशियन को बता दिया था। सर्विसिंग के बाद आवाज और तेज हो गयी। कम्पनी ने त्रुटिपूर्ण वाहन के त्रुटिपूर्ण पार्ट्स बदलने से मना कर दिया।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर



**विधि संवाददाता, बरेली :** पांच साल की बच्ची को जेली दिलाने के बहाने घर में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र निवासी बडे.उर्फ जमील की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया कि 22 जनवरी को 1 बजे बेटी खेल रही थी। बड़े उर्फ जमील पुत्री को अपने साथ कमरे में ले गया और गेट बंद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बयान में दुष्कर्म होने की बात कबूली। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा।

**दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं :** नाबालिग लड़की (16) के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी कासगंज के गांव ढोलना निवासी हर्षित माहेश्वरी की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया पीड़िता के पिता ने थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर बताया था 22 अप्रैल को पुत्री बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई। मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि उसने हर्षित से अपनी मर्जी से कासगंज में उसके घर पर मंदिर में शादी कर ली। वह और हर्षित पति-पत्नी की तरह 20 दिन रहे। इस बीच शारीरिक संबंध बने। अदालत ने टिप्पणी कि यह जानते हुए कि पीड़िता नाबालिग है, उसके साथ विवाह करना और शारीरिक संबंध करना एक जघन्य आपराधिक कृत्य है।

# मजाक करने का विरोध करने पर दांतों से काटा

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मजाक कर रहे युवक का किशोर ने किया विरोध तो आरोपी उसे पीटने लगे, बीच-बचाव करने आई उसकी बहनों के साथ भी मारपीट की गई। उनके साथ छेड़छाड़ करते हुए आरोपियों ने दांतों से काट लिया। झगड़े की सूचना पर पहुंचे किशोर के पिता से आरोपियों ने मारपीट की। बचाने पहुंची उसकी मां से भी मारपीट की गई। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।

परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।किशोर की मां ने बताया उनके 11 साल के बेटे से पड़ोस का युवक मजाक कर रहा था, उसने विरोध किया तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगा। शोर सुनकर भाई को बचाने आई बहनों से भी आरोपियों ने मारपीट की।

# बीसलपुर रोड पर चलती कार बनी आग का गोला


कार में आग लगन के बाद सड़क पर लगी वाहनों की कतार। • अमृत विचार

- ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान रोड पर लगा एक घंटे तक जाम

**भुता, अमृत विचारः** बरेली-बीसलपुर मार्ग अहिरौला चौराहे पर चलती कार में एकाएक आग लग गई, उठती लपटे देखकर चालक ने कूदकर जान बचाई। इस दौरान करीब एक घंटे तक यातायात बाधित।

ग्राम तैयतपुर निवासी दीपक बुधवार शाम 8 बजे कार से ननिहाल सोरहा जा रहे थे। बरेली बीसलपुर मार्ग अहिरौला चौराहे के पास अचानक उनकी कार में आग लग गई। किसी तरह उन्होंने गाड़ी से कूदकर जान बचाई। गाड़ी देखते-देखते आग का गोला बन गई। दोनों ओर से आने जाने वाला मार्ग बाधित हो गया। लगभग 2 किमी तक वाहनों के लंबी कतार लगना शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने के लिए काफी प्रयास किया। परंतु आग इतनी भीषण थी। की आग पर काबू पाना काफी मुश्किल था।

# सियार ने दो महिलाओं पर किया हमला

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** बीहट ग्राम पंचायत के मजरा हाजीपुर में बुधवार सुबह एक सियार ने शौच को जा रही दो महिलाओं पर हमला कर दिया। इसके बाद तीन पशुओं पर भी हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया।

प्रधान मुकेश यादव ने बताया कि सुबह मजरा हाजीपुर निवासी सौदान सिंह की पत्नी गुड्डो देवी, पड़ोस की महिलाओं के साथ शौच को जा रही थी। इसी बीच कहीं से एक सियार आया और उसने गुड्डो देवी पर हमला कर दिया। महिलाएं बचाव के लिए चीखने चिल्लाने लगीं और वहां से भाग गईं। सियार ने गुड्डो देवी को कई जगह काटकर जख्मी कर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंच गए और सियार को भगाया। सियार वहां से भाग कर गांव के दूसरी ओर पहुंच गया, उसने घर के बाहर बंधे पशुओं में अजयवीर सिंह की बछिया, भानुप्रताप सिंह और हरेन्द्र सिंह की एक एक पड़िया को काटकर जख्मी कर दिया। पशुओं के रम्हाने पर ग्रामीण बाहर निकल आए और सियार को भगाया। सियार हाजीपुर से दौड़कर पास के गांव बीहट पहुंच गया। गांव की धनवीर सिंह की पत्नी दुर्वेश खेत में शौच करने जा रहीं थी। सियार ने उनके ऊपर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने सियार को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह खेतों की ओर भाग गया। वहीं परिजनों ने दोनों जख्मी महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला में इलाज के भेजा है। सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और पीड़ित परिवारों से बात कर सियार की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सजग रहने, बाहर निकलने पर लाठी डंडा और टॉर्च साथ रखने, घरों के दरवाजे बंद रखने, खुलें में न सोने की अपील की। आंवला के गांव रम्पुरा और देवकोला में 12 सितंबर 2024 को सियार ने हमला कर दोनों गांव के 29 लोगों और चार पशुओं को जख्मी कर दिया था।


सियार के हमले में घायल महिलाएं।

> सूचना पर टीम को गांव भेजकर सियार की तलाश कराई गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सियार की तलाश के लिए लगातार कांम्बिग कराई जाएगी। ग्रामीणों से सजग रहने के लिए कहा गया है। –**शीशपाल सिंह बिष्ट**, वन क्षेत्राधिकारी आंवला

# इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से कई ट्रेनें रद्द, कुछ के मार्ग बदले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गोंडा जंक्शन से बाराबंकी तक तीसरी रेल लाइन बिछाने की वजह से 25 जून से 7 जुलाई तक लिया जाएगा ब्लॉक

**अमृत विचार :** गोंडा जंक्शन से बाराबंकी जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन को चालू करने के लिए चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से बड़ी संख्या में ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। इसकी वजह से रेलवे प्रशासन ने 25 जून से 7 जुलाई तक कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया है। इसके अलावा कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित, छोटे स्टेशन पर समाप्त और प्रारंभ और समय-सारणी में बदलाव किया है।

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस दौरान गोंडा-सीतापुर सीतापुर-गोंडा, सीतापुर-शाहजहांपुर, अमृतसर-गोरखपुर, आनंद विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतीहारी, छपरा-अमृतसर सहित 10 ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी। इनमें ट्रेन संख्या 55091, 55092, 55059, 55060, 22424, 22423, 14010, 14009, 05049 और 05050 शामिल हैं। वहीं अमृतसर-दरभंगा, दरभंगा-अमृतसर, अमृतसर-सहरसा, चंडीगढ़-डिब्रूगढ़, दरभंगा-जालंधर, जमूतवी-बरौनी, हावड़ा-काठगोदाम, अमृतसर-जयनगर, गोरखपुर-आनंद विहार, आनंद विहार-गोरखपुर सहित 22 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इन ट्रेनों को बाराबंकी-गोंडा-मंकरपुर सेक्शन के बजाय अयोध्या कैंट होकर भेजा जाएगा। मार्ग बदलने के कारण कई स्टेशनों जैसे गोंडा जंक्शन, सीतापुर, मंकरपुर, बस्ती, भटनी, देवरिया आदि स्टॉपेज भी हटाए गए हैं। इसके अलावा 22199 ग्वालियर-बालरामपुर को 2 जुलाई को लखनऊ में समाप्त किया जाएगा और 22200 बालरामपुर-ग्वालियर 3 जुलाई को लखनऊ से शुरू होगी।

इन ट्रेनों का रूट आलमनगर होते हुए लखनऊ में परिवर्तित किया गया है। इसके साथ ही कई ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। इनमें 55091 गोंडा-सीतापुर 45 मिनट, 15273 रक्सौल-आनंद विहार 180 मिनट, 04618 अमृतसर-सहरसा 120 मिनट, 04303 गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश 180 मिनट की देरी से चलेगी। इसके अलावा 15904, 05302 भी कुछ मिनट की देरी से चलेंगी।

## वेटिंग टिकट की सीमा घटने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ी, जनरल कोच में भी दबाव बढ़ा

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) ने 15 जून से एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे टिकटिंग व्यवस्था प्रभावित हो गई है। नई व्यवस्था के तहत अब ट्रेनों में वेटिंग टिकटों की संख्या सीमित कर दी गई है। इससे यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलना तो दूर, वेटिंग टिकट भी नहीं मिल पा रही है। नई व्यवस्था के अनुसार अब किसी भी श्रेणी स्लीपर, एसी थ्री, एसी टू, एसी फर्स्ट, चेयर कार या एग्जीक्यूटिव चेयर कार में कुल बर्थ या सीटों के अधिकतम 25 प्रतिशत तक ही वेटिंग टिकट जारी होंगे। अगर किसी ट्रेन के स्लीपर कोच में 300 सीटें हैं, तो सिर्फ 75 नंबर तक ही वेटिंग जारी होगी। इसके बाद सिस्टम 'नो-रूम' दिखाने लगेगा। रेलवे प्रशासन का तर्क है कि इससे वेटिंग टिकट के कंफर्म होने की संभावना बढ़ेगी और आरक्षित कोचों में भीड़ नियंत्रित रहेगी। पहले कई प्रमुख ट्रेनों जैसे अवध असम और जम्मूतवी में सामान्य दिनों में भी वेटिंग 100 के पार पहुंच जाती थी। त्योहारों में यह 200 से अधिक हो जाती थी, जिससे कन्फर्म टिकट वालों को असुविधा होती थी, हालांकि इस बदलाव से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। किसी आपात स्थिति में भी वेटिंग टिकट न मिलने से यात्री हताश हो रहे हैं। जनरल कोचों में भीड़ बढ़ गई है और सीट नहीं मिलने पर लोग पेनाल्टी देकर स्लीपर या एसी कोच में चढ़ने लगे हैं। इससे टीटीई और यात्रियों के बीच रोजाना विवाद हो रहे हैं। यात्रियों ने मांग की है कि रेलवे इस व्यवस्था की समीक्षा करे और भीड़भाड़ वाले सीजन या मार्गों पर वेटिंग की सीमा बढ़ाई जाए, जिससे आम यात्रियों को राहत मिल सके।

# स्वास्थ्य विभाग में ई-प्रणाली लागू, खत्म होगा कागजों का झाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमओ ने सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के तहत करने का दिया आदेश

**अमृत विचार:** अब स्वास्थ्य विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर दी गई है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने सभी लिपिक और अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक कर पेपरलेस कार्य करने और डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ही सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किए जाएं। इसकी निगरानी शासन स्तर से की जा रही है। किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

सीएमओ की मेज समेत लिपिक वर्ग और अन्य कर्मचारियों के पेपरलेस कार्य करने के लिए कंप्यूटर समेत अन्य उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं। ई-ऑफिस बनने से कामकाज में पारदर्शिता और कार्यों में तेजी आएगी। कोई भी फाइल लंबे समय तक एक ही जगह नहीं लटकी रहेगी। ऐसा होने पर जवाबदेही और जिम्मेदारी तय होगी। कागज रहित व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण में भी फायदा मिलेगा। वहीं सबसे बड़ी सहूलियत फरियादियों को मिलेगी। उन्हें भी बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अपनी फाइल व अन्य कार्य का ब्योरा व समाधान एक क्लिक के माध्यम से मिल सकेगा।



सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह की मेज पर लगा कंम्यूटर सिस्टम।

# बिना जांच के सीधे कुर्की का आदेश व्यापारियों से हो रहा सौतेला व्यवहार

## भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने अपर आयुक्त ग्रेड 1 को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपर आयुक्त ग्रेड 1 का आश्वासन बिना विभागीय जांच के कोई नोटिस नहीं भेजा जाएगा

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड 1 ओपी तिवारी एवं अपर आयुक्त ग्रेड 2 आशीष निरंजन से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बिना समुचित जांच के सीधे कुर्की आदेश जारी करने की बात कहते हुए सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया।

प्रदेश मंत्री एवं जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने अनुचित प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की।

अनिल अग्रवाल ने कहा कि बरेली सहित उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में व्यापारियों और उद्यमियों के साथ राज्य कर विभाग की ओर से वैट काल वर्ष 2008 से 2017 के संबंध में गंभीर अनियमितताएं और सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। विभागीय आरसी पोर्टल पर पुराने वैट प्रकरणों में अद्यतन (अपडेट) न किए जाने के कारण सैकड़ों व्यापारी और उद्यमी वर्ग के विरुद्ध अनावश्यक रूप से बकाया धनराशि प्रदर्शित की जा रही है। फलस्वरूप बिना समुचित सत्यापन के सीधे बैंक खातों पर कुर्की आदेश प्रेषित कर, बकाया न होने के बावजूद धनराशि वसूल की जा रही है। वर्तमान नियमों के अनुसार व्यापारी या उद्यमी केवल पिछले सात वर्षों तक की कर संबंधित फाइलों को संरक्षित रखने के लिए बाध्य हैं ऐसे में 10-15 वर्ष पुराने प्रकरणों में फाइल उपलब्ध न होना स्वाभाविक है। कहा कि पोर्टल पर अद्यतन न हुए वैट प्रकरणों के आधार पर की जा रही कुर्की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाए।

गौरव शर्मा ने कहा कि बरेली महानगर में व्यापारिक और औद्योगिक स्थिरता बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि कर प्रणाली में पारदर्शिता एवं न्याय सुनिश्चित हो इसलिए विभाग को निर्देशित कर व्यापारियों एवं उद्यमियों पर हो रही वैट के कई वर्ष पुराने मामलों में इस प्रकार की अनुचित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। जिला वरिष्ठ महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि वैट के पुराने मामलों में विभाग में बिना जांच के कुर्की या नोटिस भेजना न्यायोचित नहीं है।

अपर आयुक्त ग्रेड 1 ओपी तिवारी ने आश्वासन दिया कि बरेली में बिना विभागीय जांच के कोई कुर्की और नोटिस व्यापारियों और उद्यमियों को नहीं भेजी जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री जसपाल सिंह, महानगर महामंत्री विजय सिंह, महानगर संगठन मंत्री हर्ष खंडेलवाल, जिला युवा अध्यक्ष राघव खंडेलवाल, संयुक्त महामंत्री प्रतीक मिश्रा, शिवेंद्र शर्मा, आयुष अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, दाऊ दयाल, मनोज सिंह, संजय सिंह कोषाध्यक्ष, असीम जौहरी, दीपक रस्तोगी समेत अन्य मौजूद रहे।



राज्य कर विभाग में अपनी समस्याएं बताते व्यापारी। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य केंद्र के लिए दिया भवन, अब किराए के लिए भटक रहे

- शहरी क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य केंद्र के भवन मालिकों को तीन माह से नहीं मिला किराया

**बरेली, अमृत विचार:** शहरी क्षेत्र स्वास्थ्य केंद्र किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं लेकिन भवनों के मालिक किराए के लिए चक्कर लगा रहे हैं। पिछले तीन महीने से किराया नहीं दिया गया है। बुधवार को कुछ भवन मालिक सीएमओ डॉ. विश्राम से मिलने पहुंचे और जल्द किराया देने की मांग की। भवन स्वामियों ने कहा कि समय से किराया न मिलने की वजह से उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

शहरी क्षेत्र में एक या दो नहीं बल्कि 50 स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जो कि लंबे समय से किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं। विभाग का तर्क है कि हर साल अप्रैल तक इन भवनों के किरायेनामे का नवीनीकरण कराया जाता है। अभी नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। वहीं बजट विभाग के पास न होने से भवन मालिकों को किराए का भुगतान नहीं हो सका है लेकिन बजट आते ही किराये का भुगतान प्राथमिकता में किया जाएगा।

# शाहजहांपुर रोड पर वन विभाग ने हटाया अतिक्रमण



शाहजहांपुर रोड पर अतिक्रमण हटाती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** वन विभाग की टीम ने बुधवार को अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाया। रेंजर वैभव चौधरी की मौजूदगी में चलाए अभियान में शाहजहांपुर रोउ पर नकटिया पुल से इन्वर्टिस तिराहे तक वन विभाग की संरक्षित वन भूमि स्थानीय व्यवसायियों की ओर से अपनी जगह से आगे बढ़ाकर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण कर लिया है। कुछ जगह से टीम ने अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ ही लोगों को एक सप्ताह में अपना सामान खुद हटाने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग की जगह पर अतिक्रमण हटवाने के बाद विभाग वहां पर पौधरोपण करेगा।

# रबड़ फैक्ट्री: 26 साल किया इंतजार, अब और नहीं, 16 जुलाई को धरना प्रदर्शन

- कर्मचारियों ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना प्रदर्शन करने किया ऐलान
- महामंत्री ने धरना प्रदर्शन करने के बाबत बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया

**बरेली, अमृत विचार:** करोड़ों रुपये की देनदारी नहीं मिलने से आहत रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों का धैर्य अब टूटने लगा है। करीब 26 साल से देनदारी मिलने का इंतजार करने वाले कर्मचारियों ने अब एस एंड सी कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में 15 जुलाई को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर वैधानिक देय भुगतानों की शासन-प्रशासन की ओर से की जा रही उपेक्षा के खिलाफ अपना रोष प्रकट करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपेंगे।

एस एंड सी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अशोक कुमार मिश्रा ने धरना प्रदर्शन करने के बाबत बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया है कि रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारी पिछले 26 सालों से अपने वैधानिक देय भुगतानों को लेकर लीगल लड़ते आ रहे हैं। जनवरी 1999 से दिसम्बर 2002 तक इसी कड़ी में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर वेतन भुगतान पर श्रम विभाग ने जारी आरसी के बिना वसूली करने के लिए कहा तो प्रशासन ने श्रम विभाग को वापस कर दिया। इससे कर्मचारियों की समस्या निस्तारित नहीं हुई थी। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कर्मचारियों का भुगतान सुनिश्वित करने के लिए ऑफिशियल लिक्विडेटर को नियुक्त किया, जहां कर्मचारियों के क्लेमों पर विधिवत सुनवाई हुई। 16 जनवरी 2023 को 1432 कर्मचारियों के जमा किए साक्ष्यों को वैध माना और सहमति दी। ऑफिशियल लिक्विडेटर की ओर से निर्धारित क्लेम बनकर कर्मचारियों को प्राप्त हुए, लेकिन निर्धारित किए क्लेम का भुगतान नहीं हो पा रहा है। सरकार जमीन पर पजेशन लेने पर लीगल कार्रवाई में शिथिलता बरत रही है। जबकि लगातार कर्मचारियों को आर्थिक तंगी, भुखमरी, बीमारी में जीवन यापन करना पड़ रहा है। 650 से अधिक कर्मचारी मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। भुगतान नहीं मिलने के कारण मजबूरन कर्मचारी अपनी नाराजगी, रोष व्यक्त करने के लिए धरना प्रर्दशन करने को मजबूर हैं।

# पुलिस ने मनोसमर्पण संस्था को सौंपा मानसिक मंदित

**बरेली, अमृत विचार:** पीलीभीत के बीसलपुर थाना क्षेत्र के चुटकुना गांव में मानसिक मंदित उत्पात मचाने लगा तो ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे रेस्क्यू किया। उपनिरीक्षक हसमत अली ने बताया कि व्यक्ति के परिजन काफी तलाश के बाद भी नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने मनोसमर्पण संस्था के फाउंडर और साइकोलॉजिस्ट शैलेश शर्मा से संपर्क कर अज्ञात व्यक्ति को रजऊ परसपुर मनोसमर्पण सेवा संस्थान में भेजने की कार्रवाई की। शैलेश शर्मा ने कहा कि बीसलपुर पुलिस थाना की ओर से दाखिल कराए व्यक्ति को बेहतर देखरेख और निगरानी में रखा है। काउंसलिंग की जा रही है। व्यक्ति में सुधार होते ही उसके उसके परिवारजनों से मिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# सिलेक्शन प्वाइंट के दोनों मेगा स्टोर्स पर वास्तविक डिस्काउंट सेल आज से




सिलेक्शन प्वाइंट शोरूम।

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली मंडल के जाने माने फैमिली स्टोर सिलेक्शन प्वाइंट के दोनों मेगा स्टोर्स पर गुरुवार से गर्मियों की वास्तविक डिस्काउंट सेल शुरू हो रही है। सिलेक्शन प्वाइंट पर हर वर्ष लगने वाली इस सेल की प्रतीक्षा हर एक परिवार में होती है और यह अवसर अनगिनत खरीदारों को लाभान्वित करता है।

सिलेक्शन प्वाइंट के सीएमडी नरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार की सेल पहले से अधिक आकर्षक होगी। काफी नए ब्रांडेड उत्पादों को सम्मिलित किया है। सभी प्रकार के ब्रांडेड उत्पादों पर 20 से 50 फीसदी तक वास्तविक छूट दी जाएगी। सेल में मोंटे कार्लो, वैन ह्यूसन, टच, रिबॉक, ली कूपर जैसे नामचीन ब्रान्ड भी शामिल किये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न उत्पादों के अलग-अलग काउंटर बनाए हैं, जिससे ग्राहक आधुनिक स्टाइल से मैट्रो सिटी जैसी शॉपिंग का असली आनंद ले सकें। सेल में आधुनिक वैवाहिक साड़िया, डिजाइनर कुर्ती, इण्डोवेस्ट्रन, लेडीज सूट व काटन फैवरिक्स, लहंगा चुनरी, लेडीज पर्स, फुटवियर, कोट सूट, शेरवानी, कुर्ता पैजामा व अन्य सभी काटन रेडीमेड गारमेंट आइटम का विशेष संग्रह रखा गया है। साड़ियों और सूट में विशेष रूप से सारा का कलेक्शन रखा गया है।

# नौजवानों पर हावी हो रहा नशा, बढ़े मरीज

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर विशेष

- अल्कोहल, तंबाकू, चरस, गांजा और स्मैक का भी सेवन कर रहे युवा
- मन कक्ष में बीते दो साल में पहुंचे 1199 मरीज, जिसमें 30 फीसदी युवा

**अमृत विचार:** साल दर साल जिले में नशे के आदी मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इनमें युवाओं की संख्या अधिक है। लंबे समय तक नशा करने से हालत गंभीर होने पर इलाज कराना पड़ रहा है। जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष से मिली रिपोर्ट में सालभर में डी एडिक्शन यानी नशे की गिरफ्त वाले मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 में अल्कोहल, तंबाकू, गांजा समेत अन्य नशे के आदी मरीजों की संख्या 360 थी जो कि वर्ष 2024-25 में बढ़कर 729 हो गई है। इन मरीजों में 20 से 40 वर्ष के तक के युवा मरीजों की संख्या करीब 30 फीसदी तक है। हालांकि बेहतर इलाज और काउंसिलिंग के माध्यम से कई मरीजों ने नशे का सेवन करना छोड़ भी दिया है।

**नशे ने बना दिया एचआईवी का शिकार:** जिला अस्पताल स्थित एआरटी सेंटर में मंडल से वर्ष 2024 में 256 ऐसे मामले सामने आए हैं जो कि सिरिंज के माध्यम से नशा करते थे। संक्रमित सिरिंज से लगातार नशा करने से एचआईवी की गिरफ्त में आ गए। अब एआरटी सेंटर से इन मरीजों का इलाज चल रहा है।

### नशे का पता लगने पर न करें मारपीट, करें बात

मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार नशा हर वर्ग के लिए जानलेवा है। घर में कोई युवा के नशा करने का पता परिजनों को चलता है तो उससे दुर्व्यवहार न करें, बात करें, समझाएं, एकांत माहौल में बिल्कुल न रहने दें। मनोरोग विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष बने रामकुमार उपाध्याय




**बरेली, अमृत विचार:** पुराने बस अड्डे पर बुधवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ बरेली क्षेत्र का वार्षिक चुनाव कराया गया। जिसमें रामकुमार उपाध्याय को क्षेत्रीय अध्यक्ष, विंद्र पांडे को क्षेत्रीय मंत्री, प्रदीप कुमार को संगठन मंत्री, अवधेश पाल को कोषाध्यक्ष, राजेश शर्मा को प्रचार मंत्री, धर्मेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, मुन्ना बाबू व अवधेश सिंह को संयुक्त मंत्री और निर्भय चंद गुप्ता को कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा रोडवेज की सबसे पुरानी इंप्लाइज यूनियन का कर्मचारी संघ में विलय हुआ है।

## समाचार पत्र वितरक संघ के जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया



**बरेली, अमृत विचार:** समाचार पत्र वितरक संघ बरेली के जिलाध्यक्ष विमल पाण्डेय का जन्मदिन बुधवार शाम तूलिका गार्डन, नैनीताल रोड पर उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सभी समाचार पत्र समूहों के प्रसार प्रभारी सहित पूरी प्रसार टीम उपस्थित थी। सभी ने उनके दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं।

## पदोन्नति, स्थानांतरण समेत 18 मुद्दे किए प्रस्तुत

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर मंडल में ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन की पहली अनौपचारिक बैठक मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी और उन्हें नियमों के अनुरूप हर संभव सहायता दी जाएगी। एसोसिएशन की ओर से कुल 18 मुद्दे बैठक में प्रस्तुत किए गए, जिनमें पदोन्नति, स्थानांतरण, आवास सुविधा, प्रशिक्षण और समान अवसर की मांग शामिल थी। बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने किया। बैठक में रेलवे प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) भारत भूषण, वरिष्ठ मंडल संरक्षा परिचालन प्रबंधक विजय कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं एसोसिएशन की ओर से जोनल अध्यक्ष बच्चू लाल, मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार, मंत्री प्रवीण प्रकाश निश्चल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
- Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों ने वेतनवृद्धि के लिए सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के एक गुट ने 15 हजार शिक्षक भर्ती के वेतनवृद्धि को लेकर बुधवार को बीएसए कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। 2016 में हुई भर्ती में जिले को 35 शिक्षक मिले थे। जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया कि भर्ती नियुक्ति पत्र 28 जून 2016 को मिले थे, लेकिन 1 जुलाई को राजपत्रित अवकाश होने के कारण 2 जुलाई 2016 को विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस कारण वेतनवृद्धि जुलाई 2017 में मिल रही है, जबकि मिलना जनवरी 2017 से चाहिए था। अगर 1 जुलाई को राजपत्रित अवकाश नहीं होता तो सभी शिक्षक 1 जुलाई 2016 को ही विद्यालय ज्वाइन करते। इससे शिक्षकों को प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि में नुकसान हो रहा है। जिला महामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि अन्य जिलों जैसे हाथरस, संतकबीर नगर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर में 1 जनवरी 2017 से वेतनवृद्धि दी जा रही है। इसलिए हमारे जिले के शिक्षकों को भी वेतनवृद्धि मिलनी चाहिए, अन्यथा संगठन 2 जुलाई से धरना प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर पुष्कर उपाध्याय, अरविंद चौधरी, राहुल सिंह, अनिल गंगवार, अवनीत सिंह, दिग्विजय सिंह, राहुल पांडे, प्रीति सिंह, मेघा जायसवाल, डौली, रजनी, वागीश गंगवार, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

### योगाचार्य अमर और लालबहादुर को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार** : साहित्यिक संस्था शब्दांगन के तत्वावधान में शब्दांगन सभागार बिहारीपुर खत्रियान में बुधवार को कार्यक्रम में अटल मन : व्यक्तित्व सम्मान से योगाचार्य अमर शर्मा और राष्ट्रपति सम्मान से पुरस्कृत लाल बहादुर गंगवार को सम्मानित किया गया। महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी, उपाध्यक्ष रामकुमार अफरोज और सदस्य विशाल शर्मा ने दोनों को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, शब्दांगन मेडल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और कविता और वक्तव्यों के माध्यम से उनका भावपूर्ण स्मरण किया। अरुण शुक्ला, अजयराज शर्मा, अमर शर्मा, अनिल कुमार शर्मा ने कविता पाठ किया। संचालन महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया। रामकुमार अफरोज, राम प्रकाश सिंह ओज, एके सिंह तन्हा, ऋतेश कुमार साहनी, अरुण शुक्ला, संजीव अवस्थी, वंश कक्कड़, डॉ. मनोज कुमार मिश्र, राजीव सक्सेना, सचिन शर्मा, बिंदु सक्सेना, अभिषेक शर्मा, नरेंद्र पाल सिंह, बीपी खंडेलवाल, अलका त्रिवेदी और पायल गुप्ता प्रमुखता से उपस्थित रहे।

### सनातन धर्म सेवा समिति ने कराया विशाल भंडारा



**बरेली, अमृत विचार** : सनातन धर्म सेवा समिति की ओर से हनुमान मंदिर सिविल लाइंस पर बुधवार को अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारा कराया गया। समिति के महासचिव हर्ष अग्रवाल ने बताया कि सुबह 8 बजे से कपड़ों का भी वितरण किया। सीता रसोई के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद मित्तल, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजेश गुप्ता, हरि अग्रवाल, शुभम पांडे, उमेश चंद्र अग्रवाल, राजेश गुप्ता, विकास अग्रवाल आदि अनेक सेवादार सेवा में लगे रहे।

### जिलाध्यक्ष बने वीर सिंह गंगवार



**बरेली,अमृत विचार** : अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सतवीर सिंह त्यागी ने वीर सिंह गंगवार को बरेली जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी कर कहा कि संगठन की मंशा के अनुसार काम करते हुए पद की गरिमा बढ़ाएंगे, ताकि संगठन को लेकर समाज में बेहतर संदेश जाए।

### बरेली कॉलेज में आंवला और सहजन के पौधे रोपे



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में एक पौधा मां के सम्मान में पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सेमिनार हॉल के सामने पार्क में आंवला का पौधा रोप कर की। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई-प्रथम के अभियान के तहत कॉलेज परिसर में सौ आंवला के पौधों का रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि आंवला का वृक्ष अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध और सकारात्मक बनाता है और पौधे का प्रत्येक भाग जैसे पत्ती, फल, तने की छाल मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि वास्तु के अनुसार आंवले का पेड़ लगाना शुभ होता है और यह सुख समृद्धि का स्रोत है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने बताया कि आंवला के पौधों के साथ-साथ सहजन के पौधों का भी रोपण करेंगे क्योंकि सहजन भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण औषधीय वृक्ष है। इस दौरान कालीबाड़ी के पार्षद हरिशंकर प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. अनुराग मोहन, डॉ. एपी सिंह, प्रो. आरके गुप्ता, प्रो. एमबी कलहंस, प्रो. गजेंद्र पाल सिंह इत्यादि ने पौधारोपण किया। इस दौरान स्वयंसेवक विवेक कुमार, शशांक गंगवार, आर्यन पांडे, विनीत यादव, तपन कुमार, ईशान गुप्ता, अमन यादव, नवनीत, हेमंत चौहान, आशुतोष, शिवपूजन शंखधार, जितेंद्र मिश्रा, गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

# एजुकेटर की भर्ती पर सवाल, कम अंक वालों का चयन

## एजुकेटर पद के लिए सेवायोजन पोर्टल पर 570 आवेदन आए थे, अभ्यर्थियों का दावा मेरिट लिस्ट नहीं जारी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: आंगनबाड़ी भर्ती के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग की बाल वाटिकाओं में ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन) एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया पर अभ्यर्थियों ने सवाल उठाए हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई लेकिन नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। अधिक अंक वाले बैठे रह गए और कम वालों का चयन कर दिया गया। इस मामले में बुधवार को कलेक्ट्रेट और बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अभ्यर्थियों ने ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग की।

जिले में 190 एजुकेटर पद के लिए सेवायोजन पोर्टल पर 570 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिसमें से 231 की काउंसलिंग हुई थी, लेकिन मेरिट लिस्ट कंपनी की ओर से सार्वजनिक नहीं की गई। अभ्यर्थियों का आरोप है कि मंगलवार को बीएसए कार्यालय में एक अधिकारी गोपनीय तरीके कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण कर रहे थे, जबकि उस समय तक कार्यालय पर कोई कट ऑफ सूची चस्पा नहीं हुई। वहीं अभ्यर्थियों का दावा है कि कम अंक वालों का गलत तरीके से चयन किया गया है, जबकि अधिक अंक वाले नियुक्ति से वंचित हैं। इस चयन प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय समिति भी नामित थी, जिसमें डीआईओएस, जीआईसी के प्रधानाचार्य, बीएसए, सीडीओ और डीएम के प्रतिनिधि शामिल थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें बीएसए और सीडीओ कार्यालय में देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। काउंसिलिंग के लिए भी सभी को नहीं आया कॉल

वहीं एक अभ्यर्थी का आरोप है कि उसे काउंसलिंग वाले दिन कॉल ही नहीं किया गया, जबकि उसके सभी कागज पूरे थे। सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही कॉल की गयी, जिससे काउंसिलिंग में 570 में से बेहद कम ही लोग पहुंचे।

### प्रमाण पत्र मिलने वालों को भी हो रही समस्या

बुधवार को कुछ अभ्यर्थी प्राप्त प्रमाण पत्र लेकर डीसी ट्रेनिंग के पास इसमें त्रुटि की शिकायत लेकर पहुंचे। उनका कहना है कि जिस ब्लॉक या गांव का स्कूल भरा गया था, उसमें रिक्ति होने के बावजूद दूर का स्कूल दिया गया। इस समस्या को दूर करने के लिए लखनऊ जाकर बात करने को कहा जा रहा है। वहीं कुछ ही लोगों को नियुक्ति पत्र बीएसए कार्यालय से प्राप्त हुए हैं, जिनके नियुक्ति पत्र कार्यालय से नहीं मिल रहे हैं, उन्हें लखनऊ जाकर नियुक्ति पत्र लेने के लिए किया जा रहा है।



मेरी 10वीं, 12 वीं और होमसाइंस से स्नातक मिलाकर 235 मेरिट बन रही है, लेकिन फिर भी मेरा नहीं बल्कि कम प्रतिशत वालों का चयन हुआ है। **-कीर्ति गंगवार**



190 पदों पर एजुकेटर की भर्ती मेरिट के आधार पर होनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गोपनीय तरीके से कॉल लेटर बांटे जा रहे हैं। **-गीता**



इस नियुक्ति में एससी-एसटी आरक्षण लाभ से वंचित रखा गया है। जबकि आरक्षण में सभी योग्यताएं व मानक पूरे करती हूं। कोई मेरिट जारी नहीं की गई। **-शिवानी**

190 पदों पर आउटसोर्स कंपनी की ओर से सेवायोजन पोर्टल पर भर्ती निकाली गई। 570 आवेदन आए। काउंसिलिंग में सिर्फ 231 लोग ही पहुंचे। कट ऑफ जारी नहीं हुई, क्योंकि सिर्फ 185 लोगों के दस्तावेज ही सत्यापन में सही पाए गए। शिकायत पर जांच अवश्य कराई जाएगी। **-संजय सिंह**, बीएसए

### ब्लॉक अध्यक्ष बने राजपाल गंगवार

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजीपुरा पर ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष राजपाल गंगवार, महामंत्री योगेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष शीश्रेंद्र गंगवार, महिला उपाध्यक्ष डॉ. किरण कैथवाल व संयुक्त महामंत्री मेघा वर्मा को बनाया गया। जिला महिला उपाध्यक्ष पारुल चंद्र ने सभी शपथ दिलाई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने की। इस दौरान जिला मंत्री डॉ. शिखा अग्रवाल, जिला संयुक्त महामंत्री उषा शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, लाल दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद दीक्षित, जिला सह संगठन मंत्री निमित्त पाठक, जिला उपाध्यक्ष शालिनी सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष आलमपुर राजेंद्र प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## स्नातक में प्रवेश के लिए अब 30 जून तक आवेदन

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रवेश की तिथि पांच दिन और की विस्तारित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तारीख पांच दिन और बढ़ाकर 30 जून तक कर दी है। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि तक 150 रुपये शुल्क जमा कर पंजीकरण कराना होगा और महाविद्यालयों को मेरिट जारी कर प्रवेश सुनिश्चित करने होंगे।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 20 मई से शुरू किए गए थे। 10 जून तक पंजीकरण की तारीख तय की गई थी। पर्याप्त पंजीकरण न होने के बाद इसे 25 जून तक बढ़ाया गया। एक लाख सीटों के सापेक्ष 25 जून तक भी लगभग आधी सीटों पर ही छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस कारण विश्वविद्यालय ने एक बार फिर तिथि 30 जून तक बढ़ा दी है। कुलसचिव संजीव कुमार की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

**एलएलबी के फॉर्म में अपडेशन विंडो खोली** : विश्वविद्यालय ने एलएलबी में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के जरिये पंजीकरण करने वाले छात्रों के फार्म अपडेशन को विंडो खोल दी है। अनिवार्य अर्हता स्नातक का विकल्प और भारांक के लिए करेक्शन या अपडेशन विंडो 30 जून तक ओपन रहेगी। कुलसचिव ने अभ्यर्थियों से समर्थ लॉगिन आईडी के माध्यम से संशोधन का निर्देश दिया है, ताकि ऑनलाइन मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने अथवा प्रवेश परीक्षा के पश्चात काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने में कोई असुविधा न हो।

**अर्चना गुप्ता बनीं प्रौद्योगिकी संकाय की अध्यक्ष** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रो. अर्चना गुप्ता को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय का अध्यक्ष मनोनीत किया है। भौतिक विज्ञान विभाग में प्रोफेसर अर्चना की नियुक्ति 25 जून 2028 अथवा अधिवर्षिता आयु पूर्ण होने तक की गई है।

## 1141 बेसिक शिक्षक सरप्लस घोषित शिक्षकों की चिंता बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार** : स्कूलों के विलय की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। स्कूल भी चयनित हो चुके हैं। जिले में 617 स्कूलों के विलय के फैसले के बाद शैक्षिक संगठन इसका पुरजोर विरोध अपने-अपने स्तर से लगातार कर रहे हैं।

शासन स्तर से जिले के 1141 शिक्षक विलय के बाद सरप्लस घोषित हो चुके हैं। इनमें 304 सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय, 810 प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय और सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय, 27 प्रधान अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय के सरप्लस बताए हैं। इससे शिक्षकों की चिंता और बढ़ गयी है। अब इन्हें जिले में ही अन्य स्कूलों पर ट्रांसफर लेना होगा। मनमुताबिक ट्रांसफर लेने के लिए अब शिक्षकों के पास सिर्फ गुरुवार का ही दिन रह गया है। वहीं शुक्रवार को सभी शिक्षकों को आवेदन की ऑफलाइन कॉपी बीएसए कार्यालय में जमा करनी होगी। इसकी पूरी प्रक्रिया 30 जून तक पूर्ण कर ली जाएगी।

## एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की एलएलबी (अनुदानित महाविद्यालय), एमएड विश्वविद्यालय परिसर और एलएलएम विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त कॉलेजों में प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून तय की थी। अब इनके आवेदन भी 30 जून तक हो सकेंगे। पहले प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को प्रस्तावित थी, अब इसकी संभावित तिथि 15 जुलाई रखी गई है।

# मुख्यमंत्री करेंगे राष्ट्रपति का स्वागत वीवीआईपी मार्ग किया जा रहा दुरुस्त

- एयरफोर्स से आईवीआरआई के मुख्य गेट तक सड़क की सही स्थिति जांचने के निर्देश दिए गए
- ब्लू बुक के साथ ही राष्ट्रपति भवन से पूछकर ही जिला प्रशासन कार्यक्रम की तैयारियां करा रहा है

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। मुख्यमंत्री एयरफोर्स में राष्ट्रपति के बीबीजे वायुयान से उतरने पर स्वागत करेंगे और कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। शासन से प्रशासन को मुख्यमंत्री के आने की सूचना मिल गई है। राष्ट्रपति भवन से जारी दिशा-निर्देश पर लखनऊ के अफसरों की तमाम चिट्ठी कलेक्ट्रेट पहुंच रही हैं। वहीं नगर निगम ने राष्ट्रपति के रूट पर सड़कों की मरम्मत, डिवाइडरों का रंगरोगन और साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया है।

30 जून को आईवीआरआई का दीक्षांत समारोह है। इसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अपर महानिदेशक पुलिस स्तर के एक अफसर ने गोपनीय चिट्ठी में अफसरों को निर्देश दिए कि राष्ट्रपति के काफिले के आने-जाने के रूट वाली सड़क की अच्छे से जांच करें और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजें। राष्ट्रपति भवन के अफसर बरेली के अफसरों की तैयारियों पर पूरी नजर बनाए हुए हैं। ब्लू बुक के अनुसार प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट की एक टीम राष्ट्रपति के कार्यक्रम की सुरक्षा और तैयारियां और एक टीम बीबीजे वायुयान की टीम और राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए दिल्ली से आने वाले अफसरों के ठहरने आदि व्यवस्थाएं करने में जुटी है। वहीं, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता को एयरफोर्स से आईवीआरआई के मुख्य गेट और सर्किट हाउस तक आने-जाने वाली सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता में कराने के निर्देश दिए गए हैं।

महाप्रबंधक उप्र पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए हैं कि वीवीआईपी मार्ग एयरफोर्स से आईवीआरआई और एयरफोर्स से सर्किट हाउस तक वैकल्पिक मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ विद्युत पोलों पर लटके हुए तारों को यथाशीघ्र ठीक करा लें। 21 जून को राष्ट्रपति भवन से प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बताया गया है कि राष्ट्रपति के वायुयान में उनके बरेली से प्रस्थान करने के एक घंटा पहले लंच या स्नेक्स 55 व्यक्तियों के लिए रखवा दिया जाए। सभी खाद्य एवं पेय पदार्थों को सीएमओ द्वारा नियुक्त चिकित्सा अधिकारी के परीक्षण करने के बाद ही वायुयान में रखा जाएगा।

### निदेशक ने सीएम और राज्यपाल को दिया निमंत्रण



**बरेली, अमृत विचार** : आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह को लेकर संस्थान और प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां चल रही हैं। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें औपचारिक निमंत्रण दिया। दोनों अतिथियों ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए समारोह में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया है। दीक्षांत समारोह को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए संस्थान की ओर से 19 समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। समारोह स्थल की सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि सत्कार, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और डिग्री वितरण की प्रक्रिया को लेकर बारीकी से योजनाएं बनाई जा रही हैं।

### भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन



**बरेली, अमृत विचार** : श्री सोमनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन बुधवार को आचार्य शंभू नाथ योगी ने रुक्मिणी विवाह का सुंदर वर्णन किया। रुक्मिणी के विवाह के लिए भक्तों ने साड़ी, बर्तन, शृंगार का सामान, मिठाई चादर, आभूषण आदि भेंट लेकर पहुंचे। मंदिर परिसर की गुब्बारे और फूलों की भव्य सजावट की गई। अंत में कथा व्यास ने भक्तों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और गाय की रक्षा करने को कहा। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह, कुमकुम रानी, मंदिर ट्रस्ट की ओर से एस बालियांन, डॉ. संदीप मेहरोत्रा, कमलेश भार्गव, विशाल अरोरा, सरदार संतोख सिंह, विकास मदान, मुकेश अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, योगेश गिरी गोस्वामी, अनुज अग्रवाल, अंकुर खंडेलवाल व प्रभात नगर, न्यू प्रभात नगर के निवासी उपस्थित रहे।

# भव्य शोभायात्रा के बाद भागवत कथा शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बिहारीपुर खत्रियान में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बिहारीपुर खत्रियान में श्री बिहारी जी मंदिर परिसर में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हुई। इससे पहले भव्य शोभायात्रा मंदिर से निकाली गई जो बिहारीपुर खत्रियान होते हुए वापस मंदिर में पहुंची। जिसमें लगभग 20 महिलाएं पीले वस्त्रों और सर पर कलश लेकर प्रभु का ध्यान कर शामिल हुईं।

इसके बाद मंदिर परिसर में वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास व्योम त्रिपाठी महाराज ने भागवत कथा की शुरुआत मन मोहन प्राण हमारा है तू, जय जय कुंज बिहारी श्री हरिदास भजन से की। उन्होंने कहा यदि कपट-छल को खत्म करना है तो सात दिन भागवत सुननी चाहिए। आप अभी तक दास हो पर भक्त तभी बनोगे जब ठाकुरजी आपको अपनाएंगे। हमें रास्तों की जरूरत नहीं है, हमें तेरे पैरों के निशां मिल गए हैं, घर घर तुलसी ठाकुर सेवा वहीं तो वृंदावन है आदि भजन गाए।

इसके बाद बताया कि भले भक्त शरीर से वृंदावन नहीं जा पाते, पर घर पर ठाकुर जी की मंगल आरती कर उनके दर्शन कर सकते हैं। ठाकुर जी जहां भागवत होती है वहां स्वयं उपस्थित रहते हैं। इस अवसर पर अतुल कपूर, सोनिया अतुल कपूर, मीनू कपूर, रीना गर्ग, शिवम कपूर, तरुण कपूर, रुक्मणी, पूर्णिमा मेहरा, रति मेहरोत्रा, रानी सक्सेना, कविता ओबराय आदि उपस्थित रहे।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
SSVGI
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# ताजियादारों की समस्याओं का करें समाधान

## डीएम-एसएसपी ने पीस कमेटी की बैठक में पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आगामी मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर बुधवार को डीएम और एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में पीस कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में ताजियादारों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। जिस पर डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किए।

बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि बहुत अधिक ऊंचाई के ताजियों और अलम (झंडे) विद्युत के संपर्क में आने पर कई जनपदों में दुर्घटनाएं हुई हैं। इसलिए ताजियादार इस पर ध्यान दें। यह सभी की सुरक्षा के लिए है। डीजे भी बहुत बड़े या तीव्र ध्वनि के नहीं होने चाहिए। मोहर्रम में कोई भी नई परंपरा न डाली जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस के मार्गों पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि सभी ताजियादार मोहर्रम के दौरान परंपरागत जुलूसों का आयोजन शांति और भाईचारे के साथ करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। संवेदनशील क्षेत्रों और मार्गों में पुलिस बल की रणनीतिक तैनाती सुनिश्चित की गई है। आयोजकों को निर्देश दिए कि जुलूस निर्धारित समय और मार्ग पर ही निकाले जाएं। जुलूसों की निगरानी लगातार ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। जनपदीय टीम सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी करेगी। वहीं पैदल गश्त के दौरान एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीओ नगर प्रथम समेत थाना पुलिस मौजूद थी।



पुलिस के साथ शहर में फ्लैग मार्च करते डीएम और एसएसपी। • अमृत विचार

• बैठक के बाद उच्चाधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

# इंसाफ मांगने वालों पर किया जा रहा जुल्म: अहसन मियां

• बुलडोजर की कार्रवाई पर दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने दिया बयान

**बरेली, अमृत विचार:** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती मोहम्मद अहसन रजा खां कादरी उर्फ अहसन मियां ने बुधवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से सैकडों साल पुरानी मस्जिदों और मजारों को अवैध करार देते हुए बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया, जो बहुत नाइंसाफी और मजहबी जज्बात को ठेस पहुंचाने वाला काम है।

उन्होंने कहा कि जो मस्जिद या मजार को बचाने के लिए आवाज उठाता है उसे थाने में बुलाकर डरा-धमकाकर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है। एक तरफ हमारे धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ इंसाफ मांगने वालों पर जुल्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की बुलडोजर कार्रवाई पर दी गई सख्त टिप्पणी के बावजूद यह सिलसिला नहीं थम रहा है। उन्होंने कहा कि अगर वाकई में इंसाफ की नीयत है तो प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में सरकारी जमीनों का सर्वे करवाए, इससे पता चल जाएगा कि कितने धार्मिक स्थल किस तबके से ताल्लुक रखते हैं और किनका कब्जा अवैध है। सड़क किनारे न जाने कितने धार्मिक स्थल बने हैं, जिनका कोई कागज नहीं है, फिर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बुलडोजर चलाना है, तो वो सबके लिए बराबर चले न कि सिर्फ एक मजहब को निशाना बनाकर।

# मोहर्रम में ताजिए और अलम छोटे बनाएं: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार:** मोहर्रम माह का आगाज गुरुवार या शुक्रवार से हो जाएगा। जिले में शहर और देहात में जुलूस निकाले जाएंगे। मोहर्रम की तैयारी को लेकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बुधवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मोहर्रम के दिनों में ताजिए और अलम छोटे बनाएं, ताकि जुलूस आसानी से निकल सकें। इनके छोटे होने से रास्ते में आने वाले बिजली के तार और पेड़ को हटाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पुराने परंपरागत रास्तों से ही जुलूस लेकर जाएं। इससे विवाद से बचेंगे और शांतिपूर्वक त्योहार सम्पन्न होगा। मौलाना ने यह भी अपील की कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।

# कर्बला कमेटी ने मोहर्रम की तैयारी शुरू की

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली ईदगाह कर्बला मैनेजमेंट कमेटी ने मोहर्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को कमेटी की बैठक हुई, जिसमें बताया गया कि मोहर्रम की एक तारीख को सदर खलील अहमद के निवास से झंडा पेश किया जाएगा। झंडे के कार्यक्रम में खानकाह-ए-नियाजिया के गाजी मियां, जुनैद मियां, मेहंदी मियां, कासिम मियां समेत अन्य लोग शामिल होंगे। इसमें कमेटी के सय्यद हबीव हुसैन, महताब अली, महबूब अंसारी, शादाब खां, राशिद कुरैशी, मोहसिन, आमिर खां, आजम खां समेत अन्य लोग शामिल होंगे।

# लोन दिलाने का झांसा देकर तीन लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से गुजरात की एक फाइनेंस कंपनी ने लोन दिलाने का झांसा देकर तीन लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोप है कि अधिकारियों ने पहले प्रोजेक्ट तैयार कराया, फिर लोन स्वीकृत होने का दावा कर ठगी की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आशुतोष सिटी निवासी गुरदेव कुमार ने बताया कि उनका संपर्क बड़ोदरा, गुजरात की इथिरियल पर्पल ओरिएंटेड प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी से हुआ। कंपनी के डायरेक्टर नयना माहिदा, मनहार सिन्हा और राजेश अवे सिन्हा ने दावा किया कि वे एमएसएमई स्कीम के तहत उन्हें फाइनेंस कराएंगे। इसके लिए पहले फर्म रजिस्ट्रेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और करंट अकाउंट खुलवाने को कहा गया। झांसे में आकर उन्होंने करीब एक लाख रुपये खर्च कर सारे कागजात और प्रोसेस पूरे की। कंपनी ने उनके प्रोजेक्ट का सर्वे किया और बाद में कॉल कर बताया कि लोन स्वीकृत हो गया है।

इसके बाद नयना माहिदा ने कॉल करके कहा कि लोन की रकम खाते में ट्रांसफर करने से पहले तीन लाख रुपये जमा करने होंगे। उन्होंने खाते में तीन लाख रुपये भेज दिए, बावजूद तय समय पर लोन के रुपये उनके खाते में नहीं आया। जब गुरदेव खुद बड़ोदरा स्थित कंपनी के ऑफिस पहुंचे, तो वहां ताला लटका मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंपनी ने ऑफिस शिफ्ट कर लिया है।

### मक्का-मदीना भेजने के बहाने एक लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** ठग ने नौकरी के लिए मक्का-मदीना भेजने का झांसा देकर युवक से एक लाख रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया निवासी शहनवाज ने बताया कि दिल्ली के आजाद नगर ग्रीन पार्क निवासी नदीम अहमद मूल रूप से मुरादाबाद के कस्बा मझोला का रहने वाला है। उसने भरोसा दिया कि वह नौकरी के लिए लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। मक्का-मदीना में श्रमिकों की जरूरत है, लेकिन इसके लिए एक लाख रुपये खर्चा देना होगा। शहनवाज ने बताया कि अप्रैल और जुलाई 2024 में दो बार में उसने नदीम को एक लाख रुपये दिए। नदीम ने उसे दिल्ली बुलाया और मक्का मदीना भेजने के नाम पर मेडिकल कराया। इसके लिए भी उसने 13 हजार रुपये लिए। तीन-चार माह बाद जब उसे विदेश नहीं भेजा तो उसने नदीम से संपर्क किया। वह टालमटोल करने लगा। रुपये वापस मांगे तो नदीम ने जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# हनी ट्रैप गिरोह चलाने वाले ने पत्नी पर गलत काम का बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• एसएसपी के आदेश पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला को उसके पति ने हनी ट्रैप के धंधे में धकेलने की कोशिश की और विरोध करने पर पांच लाख रुपये की मांग करते हुए अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी शादी 7 दिसंबर 2023 को फरीदपुर के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे पता चला कि उसका पति एक संगठित हनी ट्रैप गैंग चलाता है। जो लड़के-लड़कियों की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता है और मोटी रकम ऐंठता है। जिसका विरोध करने पर पति ने उसकी पिटाई करते हुए धमकी दी कि उसे भी इसी गंदे काम में शामिल होना पड़ेगा। मना करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि ससुर, सास, ननदें भी इस काम में पति का सहयोग करती हैं। सभी ने मिलकर पांच लाख रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। 5 मई की रात को उसकी तकिए से मुंह दबाकर हत्या की कोशिश की।

# अंजुमन परचम ए हुसैन ने मोहर्रम को लेकर की बैठक

**बरेली, अमृत विचार:** अंजुमन परचम ए हुसैन ने बुधवार को मोहर्रम की तैयारी को लेकर किला के लीची बाग में बैठक की। इसमें अंजुमन के वरिष्ठ, बुजुर्गों एवं जिम्मेदार युवाओं ने मोहर्रम की रूपरेखा तैयार की। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के सदर हाजी इबादत हुसैन नकवी ने की। मीडिया प्रभारी सय्यद शुजा नकवी ने बताया कि आने वाले मोहर्रम में हर कार्यक्रम को पूरी निष्ठा, अनुशासन, समय और अकीदत के साथ अंजाम दिया जाएगा। इस दौरान नईम हैदर, तौसीफ हैदर, जरगाम हैदर, इक्तेदार हैदर, नदीम, वजाहत रजा आदि लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम के जुलूस में जिला प्रशासन का करें सहयोग

**बरेली, अमृत विचार :** गुलाब नगर खानकाह-ए-चिश्त के इमाम बारगाह में आगामी मोहर्रम को लेकर बैठक में सय्यद आरिम अली चिश्ती ने कहा कि मोहर्रम में निकलने वाले जुलूसों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें। इसके अलावा सरकार की तरफ से जारी किए दिशा निर्देश पर अमल करें। शांति के साथ मोहर्रम में गमें हजरत इमाम हुसैन मनाएं। जुलूस के दौरान पुलिस का पूरा सहयोग करें। इस मौके पर चिश्तीया मिशन इंडिया के सीईओ अदीब नूरी, नसीर अहमद, मोहसिन, नाजिम, कामरान, अब्दुल, आसिफ, समीर, महबूब आदि शामिल रहे।

# बेहतर काम वालों का सम्मान, 15 चौकी प्रभारियों की खुली जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने मई माह की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों समेत चौकी इंचार्जों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं लापरवाही बरतने वाले 15 चौकी प्रभारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की गई है।

एसएसपी ने बताया कि मूल्यांकन के लिए कई मानक तय किए गए हैं। जिसमें आईजीआरएस निस्तारण, अपराधियों की गिरफ्तारी, गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई, कोर्ट के आदेशों का अनुपालन, मोबाइल फोन और चोरी के वाहन की बरामदगी, साइबर ठगी में रुपये की वापसी और थाना परिसर की सफाई शामिल है।

मई की थानों की रैंकिंग में थाना शीशगढ़ को प्रथम स्थान मिला। थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं थाना अलीगंज दूसरे, शाही तीसरे, शेरगढ़ चौथे और मीरगंज पांचवें स्थान पर रहा। वहीं सर्किल में बहेड़ी के सीओ अरुण कुमार सिंह को 1644 अंकों के साथ प्रथम स्थान मिला।

सर्किल आंवला 1169 अंक के साथ दूसरे और मीरगंज 1167 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र को 1053 अंकों के साथ प्रथम, दक्षिणी क्षेत्र 1019 अंक और नगर क्षेत्र 519 अंक के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



चौकी इंचार्ज अनूप सिंह को सम्मानित करते एसपी सिटी और एसपी उत्तरी।

### टॉप 10 चौकी प्रभारियों को किया सम्मानित

एसएसपी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले चौकी प्रभारी मॉडल टाउन कुशलपाल सिंह, मीरगंज पंकज कुमार, जोगी नवादा धर्मेन्द्र विश्नोई को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कुतुबखाना जितेन्द्र कुमार, जगतपुर सनी चौधरी, बैरियर-एक रविन्द्र सिंह राणा, फतेहगंज पश्चिमी अनूप सिंह, चौकी चौराहा वीरभद्र सिंह, किला मनोज कुमार और कांकरटोला जावेद अख्तर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### इन 15 चौकी प्रभारियों की खोली गई जांच

लापरवाही और रैंकिंग में नीचे रहने वाले चौकी प्रभारी रिठौरा वैभव गुप्ता, मठ के जितेन्द्र कुमार बंसल, मढ़ीनाथ के राजकुमार सिंह, रिसाला के पवन कुमार, बैरियर दो के शिव कुमार मिश्र, शाहबाद के आशीष कुमार, टांडा छंगा के धर्मेन्द्र सिंह, आवास विकास के जगदीश चंद्र जोशी, अशरफ खां छावनी के राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बंजरिया के कृपाल सिंह, भुड़िया के दयानंद शर्मा, कुआटांडा के अंकित कुमार, न्यू जिला जेल के विकेश कुमार, बड़ा गांव के राजेश कुमार और बेवल बंसतपुर के विजयपाल के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

# असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार:** डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों से सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका भ्रमण कर शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र करें। इसमें कोई कोताही न बरतें।

समीक्षा में देखा कि खंड विकास अधिकारी मीरगंज की एक शिकायत पर असंतुष्ट फीडबैक मिला है, इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो उसकी असंतुष्ट फीडबैक के साथ फोटो भी लगाएं।

दमखोदा में छुट्टा पशुओं की शिकायतें अधिक आ रही हैं, जिस पर खंड विकास अधिकारी दमखोदा को शीघ्र शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, मोहित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### पुलिस ने तस्कर पकड़ा, 11 ग्राम स्मैक बरामद

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एक तस्कर को पकड़ा, तलाशी में उसके पास से 11 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। मंगलवार शाम को पुलिस ने राधा कृष्ण मंदिर के पास से रहपुरा अंडर पास को जाने वाले सर्विस रोड से कस्बे के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 11 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. अयान बताया है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया बाहर से आए किसी तस्कर ने उसे स्मैक बेची थी, वह ऊंचे दामों में बेचता है, लेकिन मंगलवार को वह मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। परिजनों के मुताबिक पकड़ा गया उनका बेटा नाबालिग है, जिसे पुलिस ने बालिग बताकर जेल भेज दिया।

### स्कूल में चोरी की जांच करने नहीं पहुंची पुलिस

**देवरनियां, अमृत विचार :** क्षेत्र में हो रही चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोज कही न कही चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर निकल जा रहे है। वहीं पुलिस सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंच रही है। ब्लॉक रिछा और थाना नवाबगंज की चौकी कुंडराकोठी के अंतर्गत आने वाले गांव अटरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय से मंगलवार रात चोर पानी की मोटर खोल ले गए, कार्यालय का भी ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरविंद गंगवार ने बताया बुधवार सुबह स्कूल पहुंचने पर चोरी का पता चला, चोर पानी की मोटर खोलकर ले गए और कार्यालय का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। उन्होंने चोरी की लिखित सूचना पुलिस चौकी कुंडरा कोठी पर दे दी है, मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर, मौका मुआयना तक नहीं किया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने चोरी की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी को भी दी है।

### किसानों का भुगतान नहीं होने पर होगा आंदोलन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** केसर शुगर मिल की ओर से किसानों को समय से गन्ना भुगतान न किए जाने से नाराज भाकियू महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने कहा जल्द ही बहेड़ी में बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। किसानों का कहना है केसर शुगर मिल ने अब तक उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है, अगर जल्द से जल्द उनका भुगतान नहीं किया गया, तो इस बार वे फैक्ट्री के सामने धरना-प्रदर्शन और ताला बंदी करने को मजबूर होंगे। किसानों का कहना है कि वे बार-बार मिल प्रबंधन से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। किसान नेताओं ने कहा कि अगर केसर मिल ने इस बार समय पर भुगतान नहीं किया तो फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रकाश कॉलोनी वासियों की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम

## नाले की सफाई कराने के बाद भी नहीं कम हुआ कॉलोनी में पानी

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** लालफाटक स्थित मुख्य नाले पर किए गए अतिक्रमण का ध्वस्तीकरण राजस्व और ब्लॉक की टीम मंगलवार से कर रही है। प्रकाश कॉलोनी से लालफाटक तक नाले की सफाई कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण पर कार्रवाई अभी जारी रहेगी।

नाले की सफाई के बावजूद चनेहटी की प्रकाश कॉलोनी निवासियों को जलभराव से अभी कोई राहत नहीं मिल पा रही है। कॉलोनी में अभी जलभराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में रोष है।मंगलवार और बुधवार को दो जेसीबी से लालफाटक से दूरदर्शन केंद्र तक नाले का अतिक्रमण हटाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अभी दो दिन और अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। जुए की पुलिया तक अतिक्रमण हटवा कर नाले की सफाई कराई जाएगी। जहां नाला नहीं है वहां खुदाई करा कर कच्चा नाला बनाया जाएगा।


नाले से अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

> अवैध कब्जे हटाने का सिलसिला जारी है। सारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। गुरुवार को नाले की सफाई कराई जाएगी। जरूरत पड़ने पर नाले की खुदाई कराएंगे।
> **– विदित कुमार**, नायब तहसीलदार, सदर

### नाला बनवाने का काम पीडब्ल्यूडी का

बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति का कहना है राजमार्ग पर नाला निर्माण कराने का कार्य पीडब्ल्यूडी या बीडीए का है। बड़े प्रोजेक्ट का कार्य क्षेत्र पंचायत या ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराया जा सकता। क्योंकि दोनों निधि में इतना बजट उपलब्ध नहीं कराया जाता है। 2024 में पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के तत्कालीन अधिशासी अभियंता नारायण सिंह ने लालफाटक से जुए की पुलिया तक बड़ा नाला निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था। लेकिन नारायण सिंह के निलंबन के बाद नाला निर्माण का प्रकरण ठंडे बस्ते में चला गया। मौजूदा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड भगत सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# छावनी परिषद की टीम ने अवैध निर्माण को ढहाया


छावनी परिषद में अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी। • अमृत विचार

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** छावनी परिषद की टीम ने बुधवार को सदर बाजार मदारी की पुलिया के पास सरकारी जमीन पर बनाए गए। करीब 20 मकानों के आगे किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान लोगों और छावनी परिषद की टीम में तीखी बहस हुई।

अतिक्रमण को लेकर छावनी परिषद ने 6 महीने पहले नोटिस जारी कर और लाल निशान लगाकर चिन्हित किया था। छावनी परिषद के अवर अभियंता मनोज यादव ने बताया लगभग 20 अस्थाई अवैध निर्माण को ध्वस्त किया कर दिया गया है। जिसमे लगभग 0.5 एकड़ सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अभियान के संचालन में मुख्य रूप से मनोज कुमार तिवारी सफाई अधीक्षक, मनोज यादव अवर अभियंता, विकास गुप्ता राजस्व निरीक्षक, अभिषेक भूमि लिपिक, राजेश कुमार सहायक सफाई निरीक्षक, सूर्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### रिठौरा में निकाली गई मां भद्रकाली की शोभायात्रा



**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे में चल रही मां भद्रकाली की प्राण-प्रतिष्ठा की चार दिवसीय पूजा -अर्चना के पूर्ण होने पर बुधवार को रिठौरा के अलावा कलापुर, बरकापुर,अणुपुरा,नौगवां में शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह मां के भक्तों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान प्रधान गायत्री देवी, राजेंद्र उर्फ बब्लू गंगवार ने भक्तों को प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया। इस मौके पर भोजीपुरा ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, व्यवस्थापक वीरेंद्र पाल गुप्ता, पुजारी मान सिंह, शिवेंद्र गुप्ता उर्फ भोले, जितेंद्र यादव, अमित यादव वीरेंद्र शर्मा, अमित गुप्ता,वंश गुप्ता,बाबू राम सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### चौथे दिन मीरा की प्रेम की लीला का हुआ मंचन



**आंवला, अमृत विचार :** रामनगर रोड स्थित एक बरात घर में श्री कृष्ण रासलीला महा महोत्सव के चौथे दिन मीरा का श्रीकृष्ण के लिए अटूट प्रेम की लीला का मंचन किया गया। बरसाना के कलाकारों ने मीरा बाई की भक्ति और प्रेम की गहराई को दर्शाया। मीरा बाई एक राजपूत राजकुमारी थीं जिन्होंने बचपन से ही श्रीकृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष अनमोल गुप्ता उर्फ काकू, संजीव सक्सेना, प्रभाकर शर्मा, आशु सिंह एडवोकेट, सूरजभान गुप्ता, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, रानू अग्रवाल, धनवीर सिंह, राजू मित्तल, विष्णु अग्रवाल, राधाकृष्ण माहेश्वरी समेत अन्य मौजूद रहे।

### दो प्रतिशत टॉप वैज्ञानिक सूची में डॉ. अखिल शामिल



**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र सहाय सक्सेना के बड़े बेटे डॉ. अखिल सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप दो प्रतिशत वाली वैज्ञानिकों की सूची अपनी जगह बनाई है। डॉ. अखिल चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में करीब सात वर्ष से रसायन विज्ञान में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया उनकी लिखी हुईं दो किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, उन्हीं किताबों की वजह से उन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई अधिवक्ता सौरभ सक्सेना( दीपक ) ने उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर शुभकामनाएं दी है।

### भाजपा नेता प्रदीप सूरी को किया सम्मानित



**नवाबगंज, अमृत विचार :** भाजपा मुख्यालय लखनऊ में बीजेपी नेता प्रदीप सूरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, संयोजक, सुशासन विभाग भाजपा उत्तर प्रदेश ने बीजेपी नेता प्रदीप कुमार सूरी को सम्मानित किया। साथ ही उन्हें सुशासन विभाग बरेली का जिला संयोजक मनोनीत किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. एमपी आर्य, रविंद्र सिंह राठौड़, राजकुमार गुप्ता, प्रिया शंकर, विनोद गुप्ता ,नीरेंद्र सिंह राठौड़ ,सुरेश चंद्र शुक्ला सहित कई अन्य ने बधाई दी।

### शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से उपभोक्ता परेशान

**शीशगढ़, अमृत विचार :** कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में एक माह से शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से खाता धारक परेशान हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा की शीशगढ़ शाखा में 30 मई को शाखा प्रबंधक का स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद से शाखा प्रबंधक की तैनाती न किए जाने से खाताधारक तो परेशान हैं। कोई बड़ा लेनदेन न होने के कारण समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। खाताधारक रुके हुए कार्य को कराने के लिए बैंक में जाते है, लेकिन शाखा प्रबंधक के न होने लौट जाते है।

# जल जीवन मिशन में नौकरी लगवाने के बहाने प्रधानों से ठगी की कोशिश

संवाददाता, मीरगंज

- प्रधानों को फोन करके आवेदन कराने का दे रहे झांसा
- छह लोगों की नियुक्ति कराने को प्रधानों को भेजे जा रहे फॉर्म

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव -गांव लगी पानी की टंकियों पर छह लोगों की नियुक्ति के लिए प्रधानों के व्हाट्स एप नंबरों पर नियुक्ति फॉर्म और 1450 रुपये शुल्क की मांग की जा रही है।

ठग प्रधानों को फर्जी नियुक्ति कराने का लालच दे रहे हैं। जिन-जिन गांव में ओवरहेड बनाए जा रहे हैं, वहां के प्रधानों से ठग संपर्क कर गांव के बेरोजगारों को 18 से 20 हजार रुपये की नौकरी का झांसा दे रहे हैं। ग्राम पंचायत बलुपुरा में प्रधान पुत्र लाल बहादुर के पास, ग्राम धनेटा में प्रधानपति जगतपाल मौर्य के पास, ग्राम सिंधौली में प्रधान सुनीता कश्यप सहित अन्य प्रधानों के पास बुधवार को फोन आए। सभी से अरुण कुमार नाम के व्यक्ति जो खुद को लखनऊ जल जीवन मिशन कार्यालय का होना बताया और कहा कि ग्राम पंचायत में पानी की टंकियों पर तेरह लोगों की नियुक्ति के लिए पिछले दिनों फार्म भरवाए गए थे। जिसमें से सिर्फ छह लोगों की नियुक्ति करने को शासन से आया है। पानी की टंकी पर दो प्लंबर, दो गार्ड, और दो ऑपरेटर रहेंगे। जिनकी नियुक्ति होनी है।पात्रता में ऑपरेटर के पास आईटीआई की डिग्री होनी चाहिए। गार्ड और प्लंबर हाईस्कूल पास लगेंगे। प्रधानों के व्हाट्सएप नंबर पर फॉर्म भेजे गए हैं, जिन्हें कागजात के साथ वापस व्हाट्सएप पर भेजने को कहा गया है इसके साथ ही 1450 रुपये शुल्क जमा करने को कहा, जिसमें से 1000 नियुक्ति के बाद वापस करने की बात कही जा रही है। ग्राम पंचायत धनेटा में पंचायत सहायकों के पास पंचायत भवन पर जमा कराने की बात कही गई। फोन आने पर प्रधानों ने शुरू में तो समझा वास्तव में ये जल जीवन मिशन से फोन है तो उन्हें अपने अपने गांव की समस्याएं बताने लगे। कुछ प्रधान कहने लगे कि तीन महीने से पानी की टंकी में कार्य रुका हुआ है। कुछ प्रधानों ने कहा कि उनके यहां सड़के खोद कर डाल दी हैं। वह अभी तक भरी नहीं।

> इस तरह की जानकारी उन्हें मिली थी। मालूम करने पर पता चला ये ठग हैं। किसी के बहकावे में न आए और किसी को कोई रुपये न दें।
> **–तृप्ति गुप्ता**, एसडीएम मीरगंज

# अमर ज्योति कंपनी के निदेशकों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बढ़ाई जा सकती है इनामी राशि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आईजी को लिखा पत्र
- सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए हैं कंपनी के निदेशक

**अमृत विचार :** अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी ने सैकड़ों लोगों को चूना लगाया है। कंपनी के निवेशकों की मेहनत की कमाई लेकर फरार हो गई है। अब तक सैकड़ों निवेशकों ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कंपनी के निवेशक और एजेंटों के खिलाफ चार रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस ने एजेंटों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कंपनी के निदेशक फरार चल रहे हैं। कंपनी के दो निदेशकों के पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। दोनों पर इनाम की राशि बढ़ाई जा सकती है। एसएसपी ने आईजी को पत्र भेजा है।

कंपनी ने आरडी और एफडी के नाम पर लोगों के तकरीबन दो सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। कंपनी ने अपना कार्यालय बंद कर दिया। कंपनी के कर्मचारी और फिर बरेली से निदेशक फरार हो गए। जिसके बाद वह लखनऊ और प्रयागराज के चक्कर लगाए। पुलिस ने उनके बैंक खाते सीज कराए हैं, लेकिन अभी तक कंपनी के निदेशक सूर्यकांत मौर्य और शशिकांत मौर्य पुलिस की पकड़ से दूर हैं। निवेशकों का दवाब होने की वजह से पुलिस ने मंगलवार रात दोनों निदेशकों पर इनाम घोषित किया है। अब माना जा रहा है कि उनके खिलाफ इनाम की राशि बढ़ाई जा सकती है। एसएसपी ने आईजी को पत्र भेजकर इनाम की राशि बढ़ाने की मांग की है। बताया जा रहा है जल्द ही इनाम की राशि बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी जाएगी।

### त्योहारों में सौहार्द कायम रखने में सहयोग करें

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र के समस्त कोटेदारों, चौकीदारों और व्यापारियों की बैठक थाना परिसर में बुधवार को बुलाई गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी ने कहा कि आगामी त्योहारों में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने में कोटा डीलर, व्यापारी व चौकीदार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी कोटेदारों से त्योहारों से संबंधित समस्याओं के संबंध जानकारी ली। महेशपुर शिव सिंह के पूर्व बीडीसी ओमकार सिंह ने कहा जादौंपुर रेलवे लाइन किनारे गहरे गड्ढे बन गए हैं। कांवड़ यात्रा से पूर्व गड्ढों भरवाया जाना जरूरी है। दोहना पीतमराय के कोटेदार ने दोहना रेलवे लाइन वाले मार्ग पर बने गड्ढे की समस्या बताई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा आप सभी जिम्मेदार लोग हैं। सभी लोग खुराफातियों पर नजर रखे और तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# जामुन उठाने के विवाद में दबंगों ने परिवार को पीटा

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- एक की हालत गंभीर जिला अस्पताल किया रेफर

**अमृत विचार :** गांव कादरगंज में बुधवार को जामुन उठाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इससे एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज दिया है । पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बुधवार सुबह गांव कादरगंज से कुछ दूरी पर लगे जामुन के पेड़ से कुछ युवक जामुन तोड़ रहे थे। एक युवक पेड़ पर चढ़ा था, जबकि दूसरा नीचे खड़े होकर जामुन बीन रहा था। उसी समय पास में खड़ी उमेश की 8 वर्षीय बेटी भी जामुन उठाने लगी। आरोप है कि इसी बात को लेकर आरोपी मौसम सिंह ने जाहनवी की पिटाई कर दी। वह रोती हुई घर पहुंची और मां सुनीता को पूरी बात बताई। सुनीता ने जब आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो वहां मौजूद लोगों ने उसकी भी पिटाई कर दी। इसके बाद जब परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो आरोपियों को इसकी भनक लग गई।

शिकायत से नाराज होकर मौसम सिंह, रंजीत, शेखर, राजेश और अरविंद उमेश के घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में जाहनवी, उसकी मां सुनीता, पिता उमेश और परिजन सोनवती व सुंदरलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है । जहां सुंदरलाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आज बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**फरीदपुर अमृत विचार :** उपकेंद्र फरीदपुर ग्रामीण को आने वाली 33 हजार की लाइन पर जर्जर तार को बदलने का कार्य होना है।

इसलिए भिडोंलिया, रुधौली, कपूरपुर, पचौमी, वर्ल्ड बैंक प्रथम, हाजीपुर सभी फीडरों की गुरुवार सुबह 9 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी यह जानकारी उपखंड अधिकारी फरीदपुर वीरू सिंह ने दी। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। काम समाप्त होते ही सप्लाई बहाल हो जाएगी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# युवक के सीने पर रखा तमंचा दहशत फैलाने को की फायरिंग

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** दबंगों ने एक युवक से मारपीट की, और उसे जान से मारने की नियत बुधवार शाम को हवाई फायरिंग के बाद उसके सीने पर तमंचा लगाकर फायरिंग की, लेकिन मिस फायर होने से उसकी जान बच गई। गोली चलने की आवाज पर लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

कस्बा के मोहल्ला अंसारी चौड़ा खड़ंजा निवासी मो. हसन बुधवार शाम 7 बजे चौड़े खड़ंजे पर जिम के पास खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ला भिटौरा निवासी दीपक सिंह और उसका दोस्त अमन सिंह आकर उससे हाथापाई करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। जिसके बाद पीड़ित घर की ओर जाने लगा। तभी पीछे से दोनों बाइक से फिर आए।दीपक सिंह ने पहले तमंचे से हवाई फायरिंग की।दूसरा फायर लोड करके तमंचा उसके सीने पर रख दिया, लेकिन फायर मिस होने से वह बच गया। लोगों को जुटते देखकर पुलिस के आने से पहले ही दोनों भाग गए। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह ने पीड़ित से जानकारी ली। पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज देखकर घटना की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में दीपक सिंह हवाई फायर और पीड़ित के सीने पर अवैध तमंचा रखते और हाथापाई करते साफ दिख रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट कर मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपी फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी की तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


फायरिंग करता आरोपी।

# धर्मस्थल के पास से शराब की दुकान हटाने की मांग


कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा को ज्ञापन देते लोग। • अमृत विचार

संवाददाता,फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार :** राजमार्ग किनारे स्थित धर्मस्थल के पीछे स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है । कस्बे के समाजसेवियों ने अधिकारियों को पत्र भेजकर शराब की दुकान हटाने की मांग की है।

राजमार्ग के किनारे नगर पंचायत कार्यालय के पस बजरंगबली मूर्ति के पीछे अंग्रेजी शराब की दुकान स्थित है । धर्मस्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और अंग्रेजी शराब की दुकान होने के चलते वहां पर शराबी भी इकट्ठे रहते हैं जिसके चलते श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। कई बार नशेड़ी झगड़े पर उतारू हो जाते है । इसी को लेकर समाजसेवी कामराज मिश्रा, पवन राज मिश्रा, अरुण मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, रामसेवक शर्मा, फारूक अहमद, अजय गुप्ता, चंद्रपाल सक्सेना, डा. यशपाल सिंह ,ऋषभ मिश्रा ,सुधीर सिंह, पंकज ठाकुर, सुभाष यादव, पप्पू, विपिन गुप्ताआदि ने अधिकारियों को पत्र भेजकर शराब की दुकान वहां से हटाए जाने की मांग की है । थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है ।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने हाईस्कूल की परीक्षा 2020 में परीक्षा नेशनल हायर सेकेन्ड्री स्कूल सतीपुर बरेली से उत्तीर्ण की थी। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका व सह प्रमाण पत्र परीक्षा सन् 2020 अनुक्रमांक 0799314 का मुख्य पूरक प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **जैनब सिद्दीकी पुत्री फखरूद्दीन निवासी:- एजाजनगर गौटिया तह. व जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र शिवम गुप्ता व पुत्रवधू सुशीला गुप्ता को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राम प्रसाद गुप्ता पुत्र छेदा लाल निवासी- मोहल्ला रंगरेजान-2 पलिया कलां, खीरी**

**आवश्यकता है**
एक लड़की या महिला की, जो गर्ल्स होस्टल में रहकर सुपरविजन और खाना बनाने का कार्य कर सके। आकर्षक वेतन रहना खाना साथ में।
**सम्पर्क करें**
**रामपुर गार्डन, बरेली।**
**मो. 9634260005, 9412148721**

**सूचना**
मैंने हाईस्कूल की परीक्षा (वर्ष 2013) में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज से उत्तीर्ण की थी। मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका जिसका रोल नं. 1114675 जिला स्कूल कोड सं. -29/16439/1044 है। मेरी हाईस्कूल अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिली। **आरती सक्सेना पुत्री राजीव सक्सेना पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम चन्दोई पोस्ट चन्दोई थाना कोतवाली जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही इस हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

**दिवस विशेष**


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर—नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह " एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# सपा, आरजेडी का दोहरा चरित्र लोकतंत्र के लिए खतरनाक

## मुख्यमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी में साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी में कहा कि समाजवादी पार्टी हो या आरजेडी दोनों ने संविधान हत्या दिवस पर न तो कोई बयान और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया। इन दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता संविधान का गला घोंटने के कांग्रेस के कृत्य के खिलाफ थे, कांग्रेस की तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलनरत थे।

लोकभवन में आयोजित संगोष्ठी में योगी ने कहा कि ये लोग अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस के सामने नाक रगड़ते दिखाई पड़ते हैं। ये लोग लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन संविधान का गला घोंटने वालों और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वालों को अपने गले का हार भी बनाते हैं। इनका यह दोहरा चरित्र लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 'आपातकाल की त्रासदी' विषय पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के कवर पेज एवं चित्रों के माध्यम से लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा उन पर किए अत्याचारों को प्रदर्शित किया गया था, जिसका योगी ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान योगी के साथ मंच पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, लोकतंत्र सेनानी एवं पूर्व सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी, विश्राम सागर एवं देवी दीन पाल मौजूद थे।



लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में आपातकाल की 50वीं बरसी पर लगाई गई प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए अनुभव

**अमृत विचार :** कुछ लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान उन्हें मिली यातनाओं को कार्यक्रम में मौजूद लोगों से साझा किया। किसी ने अपने भूमिगत होने के किस्से सुनाए तो किसी ने थाने एवं जेल के अपने अनुभवों को बताया। ससंदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने जो यातनाएं एवं अत्याचार झेला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने बरेली जेल के अपने अनुभवों को साझा किया।

## लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

**अमृत विचार :** कार्यक्रम में 26 लोकतंत्र सेनानियों को पटका पहनाकर योगी ने सम्मानित किया। सम्मानित होने लोकतंत्र सेनानियों में कृष्ण कुमार दीक्षित, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, सुरेश शिवजी रानी, डॉक्टर अजय शर्मा, जयदेव आहूजा, हरि श्याम रस्तोगी, राम किशोर शर्मा, अशोक शर्मा, डॉ. संतोष कुमार वाजपेयी, डॉ. बलवेंद्र अवस्थी, मधुकर मिश्रा, रामतीर्थ वर्मा, सुरेश चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश जैन, रामचंद्र सिंह, आशुतोष पाठक, डॉ. राम लोलाक उपाध्याय, सरल मालवीय, सतीश चंद्र गौड़, दिनेश प्रताप सिंह, दिनेश अग्निहोत्री, संजय मिश्रा, भारत त्रिपाठी, धीरेन्द्र श्रीवास्तव शामिल रहे।

## भाजपा ने आपातकाल की विभीषिका पर किया संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को आपातकाल के 50वें वर्ष में जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से उस दौरान की विभीषिका पर संवाद किया। प्रदर्शनियों के माध्यम से आपातकाल में रक्तरंजित हुए लोकतंत्र की झांकी प्रस्तुत की गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद में संगोष्ठी को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ और प्रयागराज, ब्रजेश पाठक ने बाराबंकी में काला दिवस पर संगोष्ठियों को संबोधित किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मेरठ, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ कानपुर, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा गौतमबुद्धनगर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी संतकबीरनगर, डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय गाजीपुर, स्वतंत्र देव सिंह ललितपुर में रहते हुए कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अनुमान

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात की स्थिति बन सकती है। खासकर तराई और बुंदेलखंड के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में 30 जून तक लगातार भारी वर्षा की संभावना जताई है। वहीं पश्चिमी उप्र. में 27 जून तक भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है।

### ग्रीन डाटा सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की आर्थिक, औद्योगिक और तकनीकी उन्नति में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। योगी की मौजूदगी में गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी।

### आपातकाल से रूबरू होगी युवा पीढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आपातकाल दिवस, न केवल स्मरण का अवसर है बल्कि गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है। इसलिए अगले 25 जून 2026 तक प्रत्येक जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, कैनवास सेट स्थापित कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, देशभक्ति गीत और लोकतंत्र और देशभक्ति की थीम के जुड़े गीत लगातार बजाए जाएं। यह निर्देश बुधवार को मुख्य सचिव उप्र. ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र के माध्यम से दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ पर जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि 25 जून 2026 तक स्मरणोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, पार्क, कॉलेज व विद्यालयों में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

# एनडीडीबी संभालेगा यूपी में दूध व्यवस्था

## मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में हुआ एमओयू, सौंपी गई 4 प्रमुख इकाइयों की कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. में अब दूध और पशु आहार की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की देखरेख में होंगी। कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) को सौंपा गया है। किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को डेयरी सेक्टर में क्रांतिकारी पहल करते हुए राज्य की 4 प्रमुख इकाइयों की कमान एनडीडीबी को सौंपी गई। इनमें राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) और अंबेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला का संचालन शामिल है। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी।

### अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है उप्र. : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है।

> जिन तीन डेयरी प्लांट और एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन की जिम्मेदारी एनडीडीबी को सौंपी गई है, वे आने वाले वर्षों में प्रदेश के सबसे लाभकारी और मॉडल इकाइयों के रूप में स्थापित होंगी।
>
> – मीनेश शाह, चेयरमैन, एनडीडीबी

### बड़ी बाधाएं होंगी दूर

प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग ने बताया कि कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज के प्लांटों का निर्माण पूरा होने के बावजूद वाणिज्यिक बायर्स के अभाव तथा परिचालन लागत की चुनौतियों के कारण पूर्व में संचालन में बड़ी बाधाएं उत्पन्न हुई थीं। अब इनका संचालन एनडीडीबी के माध्यम से किए जाने से यह इकाइयां पुनः पूरी क्षमता से कार्य करने लगेंगी।

# नहर में गिरी कार, नवजात समेत 4 की मौत

- किच्छा निवासी परिवार के साथ भारी बारिश में हादसा, 3 घायल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में बुधवार सुबह भारी बारिश के दौरान कार नहर में जा गिरी। इस हादसे में नवजात समेत परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, गांव बरा, किच्छा ऊधमसिंह नगर निवासी राकेश की पत्नी रामा ने सोमवार बेटे को जन्म दिया था। बुधवार को राकेश व उसका परिवार रामा को सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर घर ले जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे परिवार कार से किच्छा के लिए निकला। तेज बारिश के दौरान करीब 500 मीटर आगे फायर स्टेशन के सामने मोड़ के पास कार बेकाबू होकर उफान पर आई नहर में जा गिरी। सूचना पर पास ही फायर स्टेशन से जवान मौके पर पहुंचे और नहर में कूद गए। हादसे में रामा के पति राकेश (32), मां कमला (51), जेठानी नीतू (34) और नवजात की मौत हो गई। दमकलकर्मियों ने रामा के जेठ रमेश (42) और कार चालक श्यामलाल (40) को बचा लिया। बचाव के दौरान एक दमकलकर्मी भी बहते-बहते बचा। श्यामलाल की हालत नाजुक बताई गई, वह आईसीयू में भर्ती है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण कार की तेज गति बताया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की है।

## खरीफ सीजन में किसानों को मिलेगी पर्याप्त मात्रा में खाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिलेगी। निजी उर्वरक रैक से 40 प्रतिशत आपूर्ति उत्तर प्रदेश सहकारी विपणन संघ (पीसीएफ) को दिया जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में हुई बैठक में खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र ने नई व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष भी 50 प्रतिशत उर्वरकों की आपूर्ति पीसीएफ को कराई गई थी। प्रमुख सचिव कृषि ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि खाद वितरण की इस व्यवस्था को राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कृषकों तक पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करें व यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विक्रेता कालाबाजारी या 'ओवररेटिंग' न करने पाये।

# नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 1 जुलाई से

- चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी बनेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह



**अमृत विचार, लखनऊ :** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह को शीघ्र ही बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाने की तैयारी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। रिंकू सिंह को अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत नियुक्ति दी जाएगी।

दरअसल, क्रिकेटर रिंकू सिंह अलीगढ़ जिले से हैं और हाल ही में उनकी सगाई सपा की सांसद प्रिया सरोज के साथ हुई थी। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में खेल और राजनीतिक जगत के दिग्गज शामिल हुए थे।

# देश में आज भी अघोषित आपातकाल : अखिलेश

- कहा : सच बोलने पर किया जा रहा प्रताड़ित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में आज देश में अघोषित आपातकाल है। पत्रकारों के सच लिखने पर पाबंदी है। जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जब लोग इमरजेंसी को याद कर रहे हैं तो इस समय जो इमरजेंसी है, उसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

सपा प्रमुख ने बुधवार को फर्रुखाबाद में पूर्व सांसद स्व. छोटे सिंह यादव की त्रयोदशी एवं शांति पाठ कार्यक्रम शामिल होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। लोगों की आवाज दबाई जा रही है। सच बोलने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस समय देश में अघोषित इमरजेंसी है। भाजपा इस अघोषित इमरजेंसी का दिवस कब मनाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज जो घटनाएं हो रही हैं, ऐसा इमरजेंसी में भी नहीं हुआ था। इटावा में वर्चस्ववादी लोगों ने भागवत कथा वाचक के साथ दुर्व्यवहार किया।

## सार-संक्षेप

### नए मतदाताओं के लिए चलाया जाए विशेष अभियान : रिणवा


मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 144 ईआरओ ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण प्राप्त ईआरओ अपने-अपने क्षेत्र में अधीनस्थ बीएलओ और सुपरवाइजरों को भी छोटे-छोटे समूहों में प्रशिक्षित करें, ताकि प्रत्येक स्तर पर प्रक्रिया की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने उन बूथों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### पौधरोपण की तैयारी पूरी, यूपी बनाएगा नया कीर्तिमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के दौरान पूरे प्रदेश में रिकार्ड 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। वन एवं वन्यजीव विभाग ने सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। वन महोत्सव आयोजन के नोडल अधिकारी विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक दीपक कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वयन से निर्धारित लक्ष्य 52.33 करोड़ पौधों की सैपलिंग का एकत्रीकरण किया जा चुका है। इससे पूर्व 72,912 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण के लिए मिट्टी तैयार कर ली गई है। वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में मेरठ और गोरखपुर मंडल के अलावा सभी मंडलों की समीक्षा बैठक संपन्न हो चुकी है। जल्द ही पौधरोपण की तिथि तय होते ही प्रदेशव्यापी स्तर पर वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### बाराबंकी में करंट लगने से मां-बेटी की मौत

बाराबंकी, एजेंसी : जिले में बुधवार दोपहर लोहे के तार से कपड़े उतारते समय करंट लगने से मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि असंद्रा कस्बे के पट्टी सैयद मोहल्ला निवासी अली हैदर की 24 वर्षीया बेटी चमन जहरा दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी के बाद छत पर सुखाए गए कपड़े उतारने गई थी। पुलिस के मुताबिक, कपड़े जिस लोहे के तार पर पड़े हुए थे, उसमें करंट आ रहा था और जैसे ही चमन ने कपड़ों को छूने की कोशिश की, उसे करंट लग गया। बेटी की चीख सुनकर उसकी मां कनीज फातिमा (45) छत पर पहुंचीं और बेटी को बचाने का प्रयास करने लगी। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान फातिमा भी करंट की चपेट में आ गईं। उन्होंने बताया कि परिजन और स्थानीय लोग मां-बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। असंद्रा थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच जारी है।

### सपा सांसद रुचि वीरा को मिली आंशिक राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा को राहत देते हुए मुरादाबाद की एसीजेएम कोर्ट से जारी समन आदेश और कोर्ट ने उनके खिलाफ अगले आदेश तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। इसके साथ ही उनके साथ याची उमाकांत गुप्ता को भी अंतरिम राहत मिल गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने सपा सांसद और उमाकांत द्वारा एसीजेएम कोर्ट से जारी समन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि लोकसभा 2024 में रुचि वीरा सपा प्रत्याशी के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने बिना अनुमति सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के डिप्टीगंज स्थित उमाकांत गुप्ता के घर पर कार्यकर्ताओं के साथ जनसभा की। जनसभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था, जिसके बाद एफएसटी प्रभारी उमेश कुमार त्रिवेदी ने लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने पर आईपीसी की धारा 171एच और 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त 2025 को सुनिश्चित की गई है।

### फ्लैट का झांसा देकर महिला से ऐंठे 37.77 लाख

**लखनऊ, अमृत विचार :** रियल एस्टेट कंपनी पोलार्स इंफ्रा डेवलपर्स ने फ्लैट देने का झांसा देकर कानपुर की सरकारी कर्मचारी से 37.77 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों की चिकनी चुपड़ी बातों में फंसी पीड़िता ने फर्म के दो प्रोजेक्ट में तीन फ्लैट बुक किए। नकद और ऑनलाइन रुपये दिए, इसके बाद भी 11 साल तक फ्लैट नहीं मिला रुपये वापस मांगने पर भी आनाकानी की गई। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने निदेशकों समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कानपुर चकेरी स्थित श्याम नगर निवासी कीर्ति कुरील के पति अरुण कुमार बोकारो स्टील सिटी झारखंड में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि भाई की दोस्ती संदीप चतुर्वेदी से थी। जिसके चलते संदीप का छोटा भाई ऋषि चतुर्वेदी भी अक्सर घर आता था। वर्ष 2014 में ऋषि ने घर आकर बताया कि वह पोलार्स इंफ्रा डेवलपर्स में जुड़ गया है। रियल एस्टेट फर्म का कार्यालय लखनऊ के गोमतीनगर विनीत खंड में है। कंपनी के निदेशक सुधीर कुमार और दिनेश मणि राम नरेश तिवारी हैं।

# भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से जेल में मौत

बस्ती, एजेंसी

बस्ती जिला जेल में बंद कुख्यात भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार अवस्थी पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी और धमकी देने समेत 43 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के अवस्थी को सीने में तेज दर्द और पसीना आने की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल अस्पताल में आधे घंटे के शुरुआती इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे तत्काल अस्पताल भेजने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब सात बजे अवस्थी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई।

बस्ती जेल अधीक्षक एसपी मिश्रा ने बताया कि गोंडा के कैदी बृजेश अवस्थी ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 से साढ़े दस बजे सीने में दर्द की शिकायत की। उसे तुरंत जेल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया।

# प्रबंधन के बयान से कर्मियों में उबाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के जेल का विकल्प देने के बयान से बिजली कर्मियों में उबाल आ गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि बिजली कर्मी डरने वाले नहीं हैं। निजीकरण के लिए टेंडर होते ही बिजली कर्मी जेल भरो अभियान शुरू कर देंगे।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिजली कर्मियों को धमकी देते हुए जेल का विकल्प पत्र भरने की बात कही है।

# बड़े बेटे ने मां की हत्या कर बेड में पैक किया था शव

- बेटे ने कबूला, मां की डांट पर आपा खो दिया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** रावतपुर गुप्ता कालोनी में महिला उर्मिला की हत्या उन्हीं के बेटे ने चुनरी से गला कसकर की थी। शरीर पर खरोंच व चोट के भी कई निशान मिले हैं। बड़े बेटे ने कबूल किया कि गुस्से में चुनरी से मां का गला कसकर बेड में पैक कर दिया था। बुधवार को भी पुलिस ने उससे पूछताछ की।

गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार पति जगदीश की मौत के बाद बरेली के रंजन के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा इंटर और छोटा नौवीं का छात्र है। मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने पर छोटे बेटे ने मां को बेड में पैक देखा था। इसके बाद मसवानपुर निवासी मौसी गीता व रावतपुर पुलिस को सूचना दी। छोटे बेटे के आरोप पर पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उर्मिला की गला कसकर हत्या की गई है।

# आधुनिक कृषि यंत्र बदलेंगे हालात

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 62 जिलों में आधुनिक कृषि यंत्रों से प्रदेश के किसान रफ्तार भरेंगे। 450 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले कंबाइन हार्वेस्टर से हालात बदलेंगे।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, आधुनिक यंत्रों से न केवल किसानों को फसल कटाई में होने वाली अतिरिक्त मेहनत से राहत मिलेगी, बल्कि फसलों की क्षति भी काफी हद तक कम होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक संसाधनों से जोड़ते हुए किसानों को विज्ञान व तकनीक आधारित कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# 2027 तक परिवहन निगम के बेड़े में होंगी 25 हजार बसें

**लखनऊ, अमृत विचार :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि उप्र. परिवहन निगम लाभ की स्थिति में है। लाभ की स्थिति की वजह से समय-समय पर कार्मिकों को बोनस भी दिया जा रहा है, 1165 मृतक आश्रितों को नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जब हमने परिवहन विभाग का जिम्मा संभाला था, उस समय परिवहन निगम बेड़े में 10 हजार से भी कम बसें थीं, वर्तमान में 13 हजार से ज्यादा बसें हैं। वर्ष 2027 तक निगम अपने बेड़े को बढ़ाकर 25 हजार बसों का बेड़ा करने पर कार्य कर रहा है।

**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले... फिर भी नहीं हो सका आदि गंगा के नाम से विख्यात नदी का कायाकल्प

# आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।


मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।



# अंतरिक्ष की उड़ान



## राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मै उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।



नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7 .5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल(सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।



शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।



सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार



ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग : डॉ. महीप सिंह

एकेटीयू में इनोवेशन हब के प्रभारी डॉ. महीप सिंह ने कहा कि इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढ़ेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिदूंओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी शुभकामनाएं।



स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

### शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।



शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**


1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

### सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 08 .46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** — आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या** — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 26 जून 2025

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,755.51 | 25,244.75 |
| बढ़त | 700.40 | 200.40 |
| प्रतिशत में | 0.85 | 0.80 |

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

- एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन

मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।



### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

**आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा**

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ से अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ का वित्तीय समर्थन दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस फैसले से आलू उत्पादकों को लाभ होगा।

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रूपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

### वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

## राष्ट्रीय

**एक नजर**

### बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

### 7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,



नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# पिछले 11 साल से देश में लगा है अघोषित आपातकालः खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विफलता छिपाने को संविधान हत्या दिवस मनाने का नाटक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है तथा भाजपा मोदी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र विस चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया कि निर्वाचन आयोग मोदी सरकार की कठपुतली बन गया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने कहा, जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जो संविधान के खिलाफ बात करते रहे, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, जिस संविधान को बाबा साहेब आंबेडकर, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया था, उसे भी आरएसएस ने रामलीला मैदान में जलाया था। यही नहीं, आरएसएस ने बाबा साहेब आंबेडकर, नेहरू और गांधी का पुतला भी जलाया था।

# सोनम के गायब हुए सामान से मेघालय पुलिस को मिला तमंचा

शिलांग, एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

- मेघालय पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर इंदौर में नाले से की बरामदगी

व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रही मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम ने बुधवार को इंदौर के पलासिया इलाके में एक नाले से एक देसी तमंचा बरामद किया। पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिम ने बताया, हमने इंदौर में एक नदी से एक देशी तमंचा और दो मैगजीन बरामद की हैं। इससे पहले इंदौर में एक कार में रखे बक्से से 50,000 नकद बरामद हुए थे।

इंदौर में पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हथियार को अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम वारदात को अंजाम देने के बाद कई दिन तक रुकी थी। सोनम, उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह और उसके दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को व्यापारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**आपदा प्रबंधन**



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेसी


### दिल्ली की रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अधिकारियों को फटकार लगाई और सरकार को उसे पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन व एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि स्वतंत्रता संविधान के तहत प्रदत्त बहुत मूल्यवान अधिकार है और व्यक्ति ने अकारण 28 दिनों के लिए अपनी स्वतंत्रता खो दी। आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत मिली थी और 27 मई को गाजियाबाद की निचली अदालत ने रिहाई दी थी। बुधवार को शीर्ष अदालत को बताया गया कि व्यक्ति को 24 जून को जिला जेल से रिहा किया गया। पीठ ने इस आधार पर रिहाई में देरी पर आपत्ति जताई कि आदेश में अधिनियम के एक प्रावधान की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

### रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंतत:, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण ( रन गति को कम कर ) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

## चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।



शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी


कुलदीप यादव।

# हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा।


शुभमन गिल।

## गिल की मैदान पर आभा प्रभावशाली नहीं : हुसैन

**लीड्स, एजेंसी** : इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नये कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि ' मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी'। रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा' था। हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके ( गिल ) पास मैदान पर रोहित और ( विराट कोहली ) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था।


यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

# हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

बर्मिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली** : दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली** : आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन** : भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई** : भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।



पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

# कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।


● मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।

## बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहे हैं पंत : ग्रेग चैपल

**मुंबई** : ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने ऋषभ पंत के लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 'बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहा है'। पंत ने पहले टेस्ट में 134 (178 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) और 118 रन (140 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की पारियां खेली और इस दौरान कुछ रिकॉर्ड भी बनाए। चैपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो 'एमसीसी प्लेइंग मैनुअल' में भी नहीं हैं। जब मैंने पहली बार उसे देखा तो उसने मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद दिला दी। जब एक विकेटकीपर उस स्तर पर बल्लेबाजी कर सकता है और तेजी से रन बना सकता है तो यह टीम के लिए कितना बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा खूबसूरती यह है कि ऋषभ बहुत तेजी से रन बनाता है जिससे आपको क्रिकेट मैच जीतने का समय मिल जाता है। उसका प्रदर्शन शानदार था। उसने जो शॉट खेले उनमें से कुछ एमसीसी की खेल नियमावली में नहीं थे। चैपल ने कहावह एक बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहा है। आधुनिक तकनीक के साथ बल्ले बहुत अलग हैं और आप ऐसे शॉट खेल सकते हैं जो पुराने जमाने में संभव नहीं थे।

## पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स** : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

# वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट में कामयाबी की नींव रखी

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।


कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिए तैयार हूं।

भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका।

गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में पीटीआई के एक पॉडकास्ट में कहा था 1983 बहुत बड़ी बात थी। कपिल देव, संधू, मदन लाल, रोजर बिन्नी, संदीप पाटिल को लॉर्डस पर देखना बहुत बड़ी बात थी।

विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य अलग अलग शहरों में रहते हैं। शास्त्री और गावस्कर शीर्ष कमेंटेटर हैं। नील वाल्सन उत्तर भारत के हिल स्टेशन पर रहते हैं जबकि मदन लाल की सिरी फोर्ट में अकादमी है।

## विश्व कप जीत के 42 साल



### बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण वीडियो उपलब्ध नहीं

कपिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ जब 175 रन की नाबाद पारी खेली थी तब बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से उसकी कोई वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है। मशहूर पत्रकार गुलू इजेकील ने हालांकि अपनी किताब ' मिथ बस्टर्स' में लिखा कि 18 जून 1983 को बीबीसी ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड और पाकिस्तान तथा लॉर्डस पर वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के मैच का प्रसारण किया था। बीबीसी को भारत और जिम्बाब्वे का मैच उतना महत्वपूर्ण नहीं लगा। टनब्रिज वेल्स पर वह पहला और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था लेकिन यह मैदान भारतीय क्रिकेटप्रेमियों के लिये किसी तीर्थ से कम नहीं है। स्टेडियम के आसपास रहने वालों के पास कपिल देव की एक न एक कहानी जरूर है। एक ब्रिटिश नागरिक ने इस संवाददाता को बताया था कि उसने जिस मकान मालिक से घर खरीदा था, उसकी एक खिड़की कपिल के छक्के से टूटी थी।

### लता मंगेशकर बीसीसीआई के लिए जुटाया था धनराशि


भारत के विश्व कप जीतने के बाद आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे बीसीसीआई ने लता मंगेशकर से धनराशि जुटाने के लिए एक कन्सर्ट करने का अनुरोध किया। इससे मिली रकम से बीसीसीआई ने टीम के हर सदस्य को दो लाख रुपये दिए थे। बदले में लता जी को भारतीय टीम के मैचों के दो वीआईपी टिकट मिलते रहे।

## 'मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं'

**ओस्ट्रावा** : भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।



## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं।

**संभावनाओं भरा इतिहास**

इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने। सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साझा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### एससीओ बैठक में भाग लेने चीन पहुंचे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार को चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ पहुंचे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। सिंह का किंगदाओ हवाई अड्डे पहुंचने पर भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने स्वागत किया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं

## अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने जारी की नई रिपोर्ट, बचाव में उतरे ट्रंप प्रशासन के अधिकारी

**वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी**

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। रिपोर्ट से ट्रंप के दावों को करारा झटका लगने के बाद उनके प्रशासन के शीर्ष अफसर बचाव में उतर आए हैं।

रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जो खुफिया रिपोर्ट लीक हुई है, वह रिपोर्ट प्रारंभिक थी और उस पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस रिपोर्ट को लीक करने वाले अधिकारियों को पेशेवर धोखेबाज करार दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

### कर्नाटक: इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

# बांग्लादेश: एक और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त गिरफ्तार

- आम चुनाव में गड़बड़ी और हेराफेरी करने का आरोप

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ दिनों पहले ही अवल के पूर्ववर्ती केएम नूरुल हुदा को शेख हसीना शासन के दौरान चुनाव में गड़बड़ी के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के उपायुक्त तालेबुर रहमान ने कहा, पुलिस की खुफिया शाखा ने अवल को दोपहर राजधानी के मोघबाजार इलाके से गिरफ्तार किया। अवल से पहले रविवार रात नूरुल हुदा को चुनावों में हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी से पहले हुदा को भीड़ ने पीटा भी था। अवल ने फरवरी 2022 से सितंबर 2024 तक बांग्लादेश के 13वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी की ओर से हुदा सहित 19 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं।

### शेख हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

**ढाका।** अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व पीएम शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है। एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने उनकी नियुक्ति की थी।

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

- अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# मोदी महान इंसान, मैंने समझाया तो मान गए: ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर किया भारत-पाकिस्तान का युद्ध रुकवाने का दावा

- नीदरलैंड में नाटो सम्मेलन के बाद प्रेस से बात करते हुए की टिप्पणी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फिर से दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवा दिया और दोनों देशों से कहा कि यदि वे लड़ाई जारी रखेंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापार नहीं करेगा। चार दिनों तक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य टकराव रोकने पर सहमत हुए।

ट्रंप ने नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के बाद एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ व्यापार को लेकर कई बार फोन पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने कहा, 'देखिए, अगर आप एक-दूसरे से लड़ते हैं... यह बहुत बुरा हो रहा था, आप जानते हैं कि पिछला हमला कितना बुरा था। ट्रंप ने कहा, अगर आप एक-दूसरे से लड़ते हैं, तो हम कोई व्यापार समझौता नहीं करेंगे। ट्रंप ने दावा किया, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह बहुत सज्जन व्यक्ति हैं। वह एक महान इंसान हैं। मैंने उन्हें समझाया। मैंने कहा, अगर आप लड़ने जा रहे हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं करेंगे...और आप जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा। नहीं, मैं व्यापार समझौता करना चाहता हूं। हमने परमाणु युद्ध रोक दिया।

### नाइजीरिया में 14 सैनिकों की हत्या

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में सैकड़ों बंदूकधारियों के साथ संघर्ष में 14 सैनिक मारे गए। सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना प्रवक्ता अपोलोनिया एनेले के अनुसार, मंगलवार को 300 से अधिक बंदूकधारी मारिगा परिषद क्षेत्र में जंगलों से गांवों पर हमला करने की योजना बना रहे थे, तभी सेना ने उनसे निपटने के लिए सैनिकों को तैनात किया। एनेले ने बताया कि अभियान में 10 सैनिक घायल भी हो गये। उन्होंने कहा कि कि इस ऑपरेशन में दुश्मनों को भी काफी नुकसान हुआ है।

### भारतीय-अमेरिकी जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी सांसद जोहरान क्वामे ममदानी ने न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्युमो को हरा दिया है। प्रख्यात भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडा के लेखक महमूद ममदानी के बेटे जोहरान को मंगलवार रात को मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में विजेता घोषित किया गया। ममदानी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नेल्सन मंडेला के शब्दों में : कठिन से कठिन कार्य भी तब तक असंभव लगता है, जब तक हम उसे पूरा नहीं कर लेते। मेरे दोस्तों, यह पूरा हो चुका है। और आप ही हैं जिन्होंने इसे पूरा किया है। मुझे न्यूयॉर्क शहर के मेयर के लिए आपका डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गर्व है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा, सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

**शिखर सम्मेलन**

**सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित**

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

## जेलेंस्की से मिले ट्रंप, कहा- रक्षा खर्च बढ़ने से रूसी आक्रामकता पर लगेगी लगाम

**द हेग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। बैठक के दौरान ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मिले और कहा कि रक्षा खर्च बढ़ने से यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता में कमी आएगी।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर संदेह जताया था।

हालांकि बाद में ट्रंप ने शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की और कहा कि ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन द्वारा खर्च बढ़ाए जाने से भविष्य में पड़ोसियों के खिलाफ रूस की आक्रामकता को रोकने में मदद मिल सकती है। नाटो के सदस्य 2035 तक अपने खर्च लक्ष्य को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत वार्षिक करने पर सहमत हुए हैं। ट्रंप ने जेलेंस्की से मिलने के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन के समापन पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुरक्षा के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने के वास्ते यूरोप के कदम उठाने से रूस और यूक्रेन के साथ भयानक स्थिति जैसी भविष्य की आपदाओं को रोकने में मदद मिलेगी।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।